दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई, के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 27 जुलाई 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 362

## संक्षिप्त खबरें ।

### नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी पर दिया बड़ा अपडेट, 'अभी तय नहीं है कोई तारीख'

**लोक तंत्र की आवाज**



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के दो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से वापस आने में एक महीने से अधिक की पहले ही देरी हो चुकी है। अंतरिक्ष यात्रियों के बोइंग 'कैप्सूल' में आई दिक्कतों को इंजीनियर के दूर करने तक वो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर ही रहेंगे। यह जानकारी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को दी। टेस्ट पायलट बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष प्रयोगशाला में लगभग एक सप्ताह रहना था और जून के मध्य में वापस लौटना था, लेकिन बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल में 'थ्रस्टर' में गड़बड़ी आने और हीलियम के रिसाव के कारण नासा और बोइंग को उन्हें अधिक समय तक वहां रोकना पड़ा है।

**पांच थ्रस्टर में आई गड़बड़ी :** नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम प्रबंधक स्टीव स्टिच ने कहा कि मिशन प्रबंधक वापसी की तारीख की घोषणा करने के लिए तैयार नहीं हैं। इंजीनियरों ने पिछले सप्ताह न्यू मैक्सिको के रेगिस्तान में एक स्पेयर थ्रस्टर पर परीक्षण पूरा किया ताकि यह पता लगाया जा सके कि 'डॉकिंग' के दौरान क्या गलत हुआ और पृथ्वी पर वापसी की यात्रा की तैयारी की जा सके। रवानगी के एक दिन बाद छह जून को 'कैप्सूल' के अंतरिक्ष स्टेशन के पास पहुंचने पर पांच थ्रस्टर में गड़बड़ी आ गई। तब से चार को फिर से चालू किया जा चुका है।

### कमला हैरिस ने पीएम नेतन्याहू से की मुलाकात, कहा 'इजराइल को है आत्मरक्षा का अधिकार

**लोक तंत्र की आवाज**



**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मुलाकात की है। मुलाकात के दौरान गाजा में जारी युद्ध में आम लोगों की मौत की घटनाओं समेत मानवीय पीड़ा को रेखांकित करते हुए हैरिस ने कहा कि इजराइल को आत्मरक्षा करने का अधिकार है लेकिन मायने यह रखता है कि वह अपनी रक्षा किस तरीके से करता है। हैरिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' परिसर के आइजनहावर कार्यपालिका कार्यालय भवन में नेतन्याहू से मुलाकात की।

**'इजराइल को है बचाव करने का अधिकार;** कमला हैरिस ने इस मुलाकात के तत्काल बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैंने यह कई बार कहा है, लेकिन इसे दोहराना जरूरी है। इजराइल को अपना बचाव करने का अधिकार है और वह ऐसा किस तरीके से करता है, यह मायने रखता है। हमास एक क्रूर आतंकवादी संगठन है। हमास ने सात अक्टूबर को 44 अमेरिकियों सहित 1,200 निर्दोष लोगों की हत्या कर इस युद्ध की शुरुआत की। हमास ने यौन हिंसा के भयानक कृत्य किए हैं और 250 लोगों को बंधक बनाया है। ऐसे अमेरिकी नागरिक हैं जो गाजा में बंदी बने हुए हैं।

**मैं चुप नहीं रहूंगी:** हैरिस ने कहा ''मैंने वहां की भयावह मानवीय स्थिति के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की है। वहां 20 लाख से अधिक लोग खाद्य असुरक्षा और पांच लाख लोग गंभीर स्तर की खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। पिछले नौ महीने में गाजा में जो कुछ हुआ है, वह विनाशकारी है।'' हैरिस ने कहा, ''कई मामलों में दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित होने के बाद सुरक्षा के लिए भाग रहे हताश, भूखे लोगों और मृत बच्चों की तस्वीरें हैं। हम इन त्रासदियों के सामने आंखें नही मूंद सकते। मैं चुप नहीं रहूंगी।

**जारी है वार्ता:** अमेरिका की उपराष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के समझौते को लेकर वार्ता जारी है। उन्होंने कहा कि समझौते के पहले चरण में पूर्ण युद्ध विराम होगा, जिसके तहत गाजा के आबादी वाले केंद्रों से इजराइजी सेना की वापसी होगी और दूसरे चरण में, इजराइली सेना गाजा से पूरी तरह से पीछे हट जाएगी और इससे शत्रुता का स्थायी अंत होगा। उन्होंने कहा, ''इस युद्ध को समाप्त करने का समय आ गया है और यह इस तरह से समाप्त होना चाहिए कि इजराइल सुरक्षित हो, सभी बंधकों को रिहा किया जाए, गाजा में फलस्तीनियों की पीड़ा समाप्त हो और फलस्तीनी स्वतंत्रता, गरिमा एवं आत्मनिर्णय के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें। इस समझौते को लेकर वार्ता में आशाजनक प्रगति हुई है। हैरिस ने कहा, ''मैंने प्रधानमंत्री नेतन्याहू से अभी कहा कि इस समझौते को करने का समय आ गया है। जो लोग युद्ध विराम और शांति चाहते हैं, मैं उन्हें देख रही हूं और सुन रही हूं। आइए, हम यह समझौता करें ताकि हम युद्ध समाप्त कर सकें।

# मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है : राहुल गांधी

**लोक तंत्र की आवाज**

**सुल्तानपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जुड़े मानहानि के एक मामले में शुक्रवार (26 जुलाई) को सुल्तानपुर की सांसद-विधायक (एमपीएमएलए) अदालत में पेश हुए। राहुल गांधी शुक्रवार सुबह सुल्तानपुर पहुंचे और फिर यहां की एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुए, जहां उनका बयान दर्ज किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक राहुल गांधी ने जज से कहा, मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। विशेष जज शुभम वर्मा ने मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए राहुल गांधी को 26 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 12 अगस्त को तय की है।

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के स्थानीय नेता विजय मिश्र ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बेंगलुरु में 2018 में बीजेपी के तत्कालीन अध्यक्ष और वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए 4 अगस्त 2018 को मानहानि का मामला दर्ज कराया था। अदालत ने इस मामले में राहुल को 20 फरवरी को जमानत दे दी थी।



- मानहानि मामले में जज से बोले राहुल, सुनवाई 12 अगस्त तक टली
- कोर्ट ने 26 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का दिया था आदेश

विजय मिश्रा ने बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया था, जिसमें कांग्रेस सांसद ने अमित शाह को एक हत्या के मामले में कथित तौर पर 'आरोपी' बताया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को इस मामले में पहले 20 फरवरी को जमानत दी गई थी, क्योंकि उन्होंने अदालती कार्यवाही में शामिल होने के लिए अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' बीच में ही छोड़ दी थी। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने राहुल गांधी को अपना बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था। कोर्ट ने चेतावनी दी थी कि अगर वह ऐसा करने में विफल रहे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि वह लगातार 12 सुनवाई में अनुपस्थित रहे। पिछली सुनवाई में राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने अदालत को बताया था कि 2 जुलाई को उनकी अनुपस्थिति विपक्ष के नेता के रूप में उनके संसदीय कर्तव्यों के कारण थी।

**राहुल गांधी ने क्या कहा था? :** राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की शिकायत 4 अगस्त, 2018 को बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई टिप्पणियों के जवाब में दर्ज की गई थी। गांधी ने बीजेपी पर हमला करते हुए कहा था कि पार्टी ईमानदार और स्वच्छ राजनीति में विश्वास करने का दावा करती है, लेकिन पार्टी का एक अध्यक्ष हत्या के एक मामले में आरोपी है। उन्होंने इस दौरान अमित शाह का जिक्र किया था जो उस समय बीजेपी प्रमुख थे। स्थानीय भाजपा नेता और जिला सहकारी अध्यक्ष विजय मिश्रा ने मामला दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि गांधी की टिप्पणी अमित शाह की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही है। मानहानि के आरोप धारा 499 के तहत लगाए गए हैं, जो किसी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए अफवाह फैलाने से संबंधित है।


# नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट से खुली पोल, नहीं दिए गए 87947 करोड़ के उपयोगिता प्रणाण पत्र

**लोक तंत्र की आवाज**

**पटना।** नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट से बड़ा खुलासा हुआ है. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट से पता चला है कि राज्य सरकार के की विभागों ने 87947 करोड़ रूपये का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया है. रिपोर्ट के अनुसार पैसा तो विभागों के द्वारा खर्च कर दिया गया लेकिन इसका उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं कराया गया. गुरूवार को सीएजी के रिपोर्ट को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा के पटल पर रखा. रिपोर्ट के अनुसार सरकार को वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल जमा 1.98 लाख करोड़ रूपये प्राप्त हुआ।

वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कैग ने 31 मार्च 2023 तक 87947.8 करोड़ के 41755 उपयोगिता प्रमाण नहीं मिलने की बात भी कही है.महालेखा परीक्षक ने रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 मार्च 2023 तक 7489.05 करोड़ के 27392 एसी बिल डीसी बिल जमा करने के लिए लंबित है. जिसमें से

### अधिकारियों की लापरवाही आई सामने



6450.17 करोड़ के 26574 एसी बिल 2021-22 के अवधि से संबंधित है. कैग ने रिपोर्ट में यह भी कहा है कि मार्च 2022 तक 55840.32 करोड़ राजस्व संग्रहण होना था, लेकिन केवल 38838.88 करोड़ राजस्व का ही संग्रहण हुआ।

सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में यह बताया है कि पावर सिस्टम डेवलपमेंट फंड दिशा निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को 97.54 करोड़ के अनुदान की हानि हुई है। लेखा परीक्षा में 1059 मामलों में कुल 25001 करोड़ के राजस्व की हानि का पता लगाया है. संबंधित विभागों ने 336 मामलों में 28.80 करोड़ के गलतियों को स्वीकार किया है. महालेखा परीक्षक ने अक्टूबर 2020 से जून 2022 के दौरान निष्पादित 8 दस्तावेजों में भूमि के अल्प मूल्यांकन का पता लगाने में विफल रहने की बात कही है, जिसके फलस्वरुप 1.25 करोड़ के मुद्रांक शुल्क और निबंधित फीस की कम वसूली हुई।प्रदेश सरकार नें स्त्रोत से कुल जमा 38883 करोड़ रूपये जो कुल राशि का 24.46 प्रतिशत हैं.जिसमें राज्य सरकार ने अपने स्त्रोत से 38838 करोड़ जो 24 .46 फीसदी है. इसमें केंद्र सरकार से प्राप्ति का हिस्सा 1.19 लाख करोड़ जो कि 75.54 फीसदी है.31 मार्च, 2022 तक विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व बकाया 4022 करोड़ है., जिसमें 1300 करोड़ पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित है. सीएजी ने 1059 मामलों की जांच में कुल 25001.46 करोड़ राजस्व नुकसान का आकलन किया है।

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट से पता चला है कि राज्य सरकार साल दर साल अपना बजट को बढ़ाती तो हैं लेकिन सूबे की सरकार अपना कुल बजट नहीं खर्च कर पाती है . नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट से ये भी खुलास हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल बजट को सिर्फ 78 प्रतिशत राशि ही खर्च कर सकी है. यानी 22 फीसदी पैसा सरकार ने खर्च नहीं किया है।

## राज्यसभा में हुआ हंगामा, कांग्रेस का सवाल-किसानों को कब एमएसपी देगी सरकार?



**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में आज एमएसपी के मुद्दे पर काफी हंगामा देखने को मिला। समाजवादी पार्टी के एक सांसद ने सरकार से सवाल किया कि सरकार किसानों को एमएसपी कब तक देगी? इसका जवाब जब कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान दे रहे थे, तभी कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला अपनी सीट से उठे और शिवराज सिंह चौहान से जलेबी की तरह बात घुमाने के बजाय एमएसपी पर सीधा जवाब देने को कहा कि सरकार बताए कि एमएसपी कब लागू की जाएगी। इसके बाद विपक्षी सांसद नारेबाजी करने लगे। इसके बाद राज्यसभा चेयरमैन ने कांग्रेस के सांसदों की ओर देखकर कहा कि आप अपने गिरेबान में झांक कर देखिए।

**कांग्रेस सांसदों ने सदन में की नारेबाजीः** उन्होंने कहा कि किसान को फांसी तक टांगने का काम विपक्षी सांसद कर रहे हैं। जो किसान के मुद्दे को सदन में नहीं उठाने दे रहे हैं। इसके बाद राज्यसभा चेयरमैन ने रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सदन से बाहर जाने का आदेश दिया।

**शिवराज सिंह चौहान ने दिया खरीद का ब्योराः** इसके बाद शिवराज सिंह चौहान ने हंगामें के बीच एक बार फिर जवाब देना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस के कार्यकाल के सभी कृषि मंत्रियों के बयान सदन में पढ़े, जो यूपीए के कार्यकाल में एमएसपी से जुड़े मुद्दों पर दिए थे। साथ ही कृषि मंत्री ने यूपीए के कार्यकाल में हुई एमएसपी खरीद और एनडीए के कार्यकाल में हुई खरीद का ब्योरा भी दिया। सदन में प्रश्न काल खत्म होने तक हंगामा चलता रहा। बता दें कि संसद का मॉनसून सत्र जारी है। मंगलवार को वित्त मंत्री ने बजट पेश किया, जिसके बाद से ही सदन हंगामा पसरा हुआ है।

## मायावती ने उत्तर प्रदेश राज्य को पर्याप्त धनराशि आवंटित नही करने का लगाई आरोप

**लोक तंत्र की आवाज**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को केंद्र गवर्नमेंट पर इस वर्ष के बजट में यूपी राज्य को पर्याप्त रकम आवंटित नहीं करने का इल्जाम लगाया. उन्होंने 2024 के बजट में विभिन्न राज्यों के बीच कथित पक्षपात और असंतुलन को लेकर विपक्षी दलों के गुस्से और विरोध का समर्थन करते हुए बोला कि केंद्र गवर्नमेंट ने राष्ट्रीय हितों पर सियासी फायदा को अहमियत दी है।

एक्स पर एक पोस्ट में बीएसपी सुप्रीमो ने बोला कि, एनडीएगवर्नमेंट द्वारा संसद में पेश किए गए बजट में राष्ट्रीय और जनहित के बजाय सियासी फायदा के लिए विभिन्न राज्यों के बीच भेदभाव, पक्षपात और असंतुलन के विरुद्ध गुस्सा और विरोध स्वाभाविक है,



### बजट में राज्यों को लेकर क्या है घोषणा ?

बजट डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, केंद्र गवर्नमेंट ने जम्मू और कश्मीर को 42,277.77 करोड़ रुपये का बजट दिया है, जो पिछली बार से 1.2 फीसद अधिक है. साथ ही जम्मू कश्मीर पुलिस के लिए भी 9,789.42 करोड़ रुपये अलग रखे हैं. वहीं, पूर्वोदय राज्यों, यानी झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को शामिल करके एक योजना चलाने का लक्ष्य है. इसके अतिरिक्त बजट में गवर्नमेंट ने घोषणा की है कि, वो असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम को बाढ़ से हुए हानि की भरपाई भी करेगी. हर एक राज्य का अलग से विवरण तो बजट सम्बोधन में नहीं है, लेकिन बजट डॉक्यूमेंट्स के अनुसार, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को कुल 23,48,980 करोड़ रुपये दिए जाएंगे, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है. ऐसे में ये इल्जाम तथ्यहीन और राजनीति प्रेरित ही लगता है कि, आंध्र-बिहार को छोड़कर किसी अन्य राज्य को कुछ नहीं दिया गया।

हालांकि केंद्र द्वारा ऐसा सौतेला व्यवहार आज कोई नयी बात नहीं है. बीएसपी ने उत्तर प्रदेश में भी इसका सामना किया है.₹ बीएसपी प्रमुख मायावती ने नीति आयोग की बैठक में गैर-भाजपा शासित राज्यों के भाग न लेने के निर्णय का समर्थन किया. मायावती ने बोला कि, केंद्रीय बजट से नाखुश और व्यथित गैर-भाजपा शासित राज्यों ने इस संबंध में नीति आयोग की बैठक में भाग न लेने का फैसला लिया है, जबकि उत्तर प्रदेश जैसे गरीब और पिछड़े राज्य, जिसकी जनसंख्या बहुत अधिक है, को बजट में समुचित ध्यान न देना कितना उचित है? केंद्र को राष्ट्र और जनहित को अहमियत देने की आवश्यकता है।


बता दें कि इससे पहले, कुछ गैर-एनडीए राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस साल के बजट में गैर-एनडीए राज्यों को धन के निष्पक्ष आवंटन का इल्जाम लगाते हुए 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का फैसला लिया था. अपने बयान में एमके स्टालिन ने कहा, ₹हालांकि बजट में बीजेपी के सहयोगी दलों द्वारा शासित राज्यों के लिए घोषणाएं शामिल हैं, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि इन राज्यों को वादा किए गए फंड मिलेंगे, जैसे कि तमिलनाडु को पिछले तीन सालों से चेन्नई मेट्रो के लिए फंड नहीं दिया गया है. चौंकाने वाली बात यह है कि पूरे बजट भाषण में 'तमिल' या 'तमिलनाडु' शब्द एक बार भी नहीं आया. तमिलनाडु की इस घोर उपेक्षा के मद्देनजर, मैंने 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय किया है. तमिलनाडु के आलावा, कांग्रेस पार्टी शासित, हिमाचल, तेलंगाना और कर्नाटक, तथा अअढ शासित पंजाब और दिल्ली ने भी इस बैठक का बहिष्कार किया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने बताया, प्राइवेट और सरकारी जमीन पर जिसका इतने सालों से है कब्जा, वही माना जाएगा मालिक

**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** प्रॉपर्टी से जुड़े नियम बहुत सारे लोगों को पता नहीं होते हैं और यही कारण है कि समय के साथ हुआ है बड़ी समस्या में फस जाते हैं। ऐसे ही प्रॉपर्टी पर कब्जे से जुड़े एक विवाद सुप्रीम कोर्ट में आया जहां पर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा फैसला सुनाया गया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में बताया कि कब्जाधारी किस स्थिति में प्रॉपर्टी पर अपना मालिकाना हक जता सकता है। सर्वोच्च न्यायालय के तरफ से आदेश जारी किया गया है प्राइवेट और सरकारी दोनों प्रॉपर्टी का जिक्रभी किया गया है। आईए जानते हैं पूरी जानकारी विस्तार से।

अधिकतर लोग घर में किराए लगाते है। घर का किराया एक अस्थाई इनकम होता है लोग निवेश भी अपनी



प्रॉपर्टी में इसीलिए करते हैं क्योंकि उन्हें किराया मिल सके। घर, दुकान, प्रॉपर्टी, जमीन में लोग ज्यादा खरीदने हैं। जैसे ही वह घर, दुकान, प्रॉपर्टी इत्यादि खरीदने हैं तो किराया पर लगा देते हैं। कई बार तो ऐसा हो जाता है कि मलिक किराए पर दिए अपने प्रॉपर्टी की शुद्ध नहीं लेते हैं और विदेश चले जाते हैं या फिर देश में ही रहते हैं और वह अपने काम में व्यस्त रहते हैं प्रॉपर्टी मलिक को सिर्फ किराए से मतलब होता है जो हर महीने उनके बैंक खाते में पहुंच जाता है। अगर आप भी ऐसा गलती कर रहे हैं तो आपको बता दे की किराया पर लगाने से पहले मलिक को कुछ बातों का ध्यान रखना अती आवश्यक है नहीं तो प्रॉपर्टी उनके हाथ से निकल जाएगी।

हमारे भारत देश में प्रॉपर्टी को लेकर बहुत सारे नियम बनाए गए हैं जहां लगातार अगर कोई 12 साल तक रहने के बाद किराएदार उसे प्रॉपर्टी पर कब्जे का दावा कर सकता है। हालांकि कुछ शर्ते हैं इतना आसान नहीं है किसी को आपकी प्रॉपर्टी पर कब्जा करना। इस कानून के तहत अगर कोई भी व्यक्ति लगातार 12 साल तक एक ही जगह पर रहता है तो किरदार उसे प्रॉपर्टी पर कब्जे का दावा कर सकता है परंतु इसके लिए कुछ शर्ते हैं जैसे मकान मालिक 12 साल की अवधि में कभी भी उसे कब्जे को लेकर कोई रोक-टोक नहीं किया हो।

## राबड़ी के मुंहबोले भाई सुनील सिंह की एमएलसी सदस्यता रद्द, सीएम नीतीश का अपमान किया था

**लोक तंत्र की आवाज**

**पटना।** बिहार में सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और लालू प्रसाद यादव की आरजेडी के बीच तनाव जारी है। अब बिहार विधान परिषद में राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह की सदस्यता रद्द कर दी गई है। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने की इस बात की घोषणा की है। दरअसल, सुनील कुमार सिंह ने सदन के भीतर नीतीश कुमार का अपमान किया था। बिहार विधान परिषद की आचार समिति ने अपनी अनुशंसा



रिपोर्ट में कहा था कि सुनील कुमार सिंह ने असंसदीय आचरण और अमर्यादित व्यवहार के कारण सदन का सदस्य बने रहने की पात्रता खो दी है। आइए जानते हैं इस पूरे मामले को।

**क्या है पूरा मामला?ः** दरअसल, ये मामला इस साल 13 फरवरी का है। राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह पर बजट सत्र के दौरान असंसदीय टिप्पणी और अमर्यादित आचरण करने का आरोप लगा था। इसके बाद विधान पार्षद रामवचन राय की अध्यक्षता वाली आचार समिति ने रिपोर्ट में सुनील कुमार सिंह को अनैतिक आचरण का दोषी पाया है। समिति ने सुनील सिंह को परिषद की सदस्यता से मुक्त किए जाने की मांग की थी।

**समिति की रिपोर्ट में क्या बताया गया?ः** सदन की आचार समिति ने अपनी अनुशंसा रिपोर्ट में कहा है कि 12 फरवरी को जब बजट सत्र की कार्यवाही जारी थी, तब सदस्य (सिंह) ने मुख्यमंत्री के खिलाफ नारे लगाए और कुछ अपमानजनक तथा असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया। उनका व्यवहार असंसदीय था। समिति ने सर्वसम्मति से उनके निष्कासन की संस्तुति की है। इस पूरे मामले पर राजद के एमएलसी सुनील कुमार सिंह का बयान भी सामने आया है। उन्होंने इस कदम को सदन के इतिहास में एक काला अध्याय बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। सुनील सिंह ने कहा कि इस रिपोर्ट को कई साजिशकर्ता तैयार कर रहे थे।

## कांग्रेस का मोहरा बन चुके सपा बहादुर, अखिलेश यादव पर केशव प्रसाद मौर्य का करारा पलटवार

**लोक तंत्र की आवाज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा लगातार निशाना साधे जाने के बाद शुक्रवार को करारा पलटवार किया है। सपा सुप्रीमो को 'कांग्रेस का मोहरा' करार देते हुए मौर्य ने कहा कि बीजेपी 2027 में भी 2017 का अपना प्रदर्शन दोहराएगी यानी कि 2027 के विधानसभा चुनावों में भी शानदार प्रदर्शन करेगी। यूपी के डिप्टी सीएम ने अखिलेश को सलाह दी कि वह बीजेपी को लेकर गलतफहमी



पालने की जगह सपा को खत्म होने से बचाने पर ध्यान दें।

**'कमल खिला है, खिलेगा, खिलता रहेगा':** केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'कांग्रेस का मोहरा बन चुके सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव जी भाजपा को लेकर ग़लतफ़हमी पालने, अति पिछड़ों को निशाना बनाने, अपमान करने की जगह सपा को समाप्त होने से बचाने पर ध्यान दें। भाजपा 2027 में 2017 दोहरायेगी, कमल खिला है, खिलेगा, खिलता रहेगा।' बता दें कि अखिलेश पिछले कुछ महीनों से केशव पर लगातार निशाना साध रहे हैं। अपने ताजा बयान में अखिलेश ने कहा था, 'कहा जा रहा है कि केशव प्रसाद मौर्य मोहरा हैं। यूपी में वाई-फाई के दो पासवर्ड हैं। आप खेल देखिए दिल्ली के वाई-फाई के पासवर्ड का। अपने बयान में अखिलेश ने यह भी कहा कि मॉनसून ऑफर को विंटर ऑफर तक चलाना होगा।' बता दें कि अखिलेश ने हाल ही में पर कहा था कि 'मानसून पेशकश है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर अल्का अस्पताल के स्टाफ ने मरीज के रिश्तेदारों के साथ की मारपीट



रिपोर्ट जसवीर सिंह
उत्तर प्रदेश के जिला बिजनोर की तहसील नगीना थाना क्षेत्र का है जहां पर डॉक्टर अलका का नाम से अस्पताल स्थित है। बताया जा रहा है कि नगीना इलाके के मलकपुर अब्दुल्ला गांव की रहने वाली एक महिला को 25 .7 .24को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़ित निलेश देवी का कहना है हमारे कुछ रिश्तेदार मेरे खबर लेने के लिए आये थे उन्होन स्टाफ से मरिज के कमरे के बारे में पूछा तो स्टाफ ने उनको ना तो कामरा बताया और कमरे को बंद कर दिया जहां अस्पताल स्टाफ द्वारा मरीज के तीमार दारों के साथ मारपीट करना लगे जब हम लोगों ने मरीज की छुट्टी करनी चाही तो अस्पताल स्टाफ उनसे पैसों की मांग कर रहा था। और हमारे मरिज के तबियत और ज्यादा गंभीर होती जा रही है

### वाटिका गेस्ट हाउस के निकट सातों इमली चांदपुर बिजनौर में चल रहा था अय्याशी का अड्डा



रिपोर्ट जसवीर सिंह
बिजनौर के तहसील चांदपुर में एक वाटिका गेस्ट हाउस निकट सातो इमली चांदपुर में चल रहा है और वहां पर लड़के और लड़कियों का आना जाना लगा हुआ था मोहल्ले की औरतों को गेस्ट हाउस पर शक हुआ तो वे वाटिका गेट हाउस के मालिक से कहा तो उसने उनकी बातों को अनहोनी कर दिया आज वहां की औरतों ने देखा कि कुछ लड़के और लड़कियां वहां पर जा रहे हैं और अय्याशी का अड्डा बना हुआ है तो उन्हें वहां मोहल्ला की महिलाओं एकजुट होकर उनके साथ मारपीट की और उनके खिलाफ थाने में तहरीर दी और उन्हें कहा गया है कि इनके खिलाफ कानून कार्यवाही हो जानी चाहिए और यह वाटिका गेस्ट हाउस बंद होना चाहिए।

### बिजनौर मुस्लिम समुदाय की नाबालिग लड़की को प्रेमजाल में फंसा कर भागे आरोपी को पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नजीबाबाद।** नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में थाना नजीबाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दर्ज हुए अभियोग में पॉक्सो एक्ट की धारा वृद्धि करते हुए आरोपी युवक का सम्बंधित धाराओं में चालान कर दिया। थाना नजीबाबाद के गांव लुकादडी निवासी महिला ने दो माह पूर्व स्थानीय थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी निवासी धनीराम पुत्र रामवीर उसकी नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया और जांच में जुट गई। गुरुवार को थाना नजीबाबाद पुलिस ने हिरासत में युवती को ले जाने का आरोपी युवक धनीराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवती को बरामद करते हुए अभी रक्षा में लिया और दर्ज हुए अभियोग में पॉक्सो एक्ट की धारा वृद्धि की और युवक का चालान कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई कय्यूम अली, महिला कांस्टेबल अंजली, कांस्टेबल सहदेव आदि शामिल रहे।

# बलिया : रोहित पांडेय की हत्या में आरोपित दो अभियुक्त गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही



घनश्याम तिवारी
**बलिया।** स्वाट, सर्विलांस व थाना बांसडीह थाने की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने बांसडीह कोतवाली गेट पर रोहित पांडेय की हत्या में आरोपित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार इन दोनों अभियुक्तों पर पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक सर्विलांस प्रभारी विश्वनाथ यादव मय हमराह, प्रभारी स्वॉट उप निरीक्षक कौशल कुमार पाठक मय हमराह एवं प्रभारी निरीक्षक बांसडीह संजय कुमार सिंह मय हमराह पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जवाहर गोड़ पुत्र विजय गोड़ (निवासी पिण्डहरा थाना बासंडीह जनपद बलिया) को पिण्डहरा मैरिटार मार्ग से गुरुवार की देर शाम तथा धर्मेन्द्र यादव उर्फ बागी यादव पुत्र राजा यादव (निवासी दरांव थाना बांसडीह जनपद बलिया) को शुक्रवार को दरांव सड़क के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर उनके पास से घटना में प्रयुक्त लोहे की पाइप को भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बांसडीह कोतवाली गेट के पास 20 जुलाई को कुछ लोगों द्वारा आपसी रंजिश को लेकर कस्बा बांसडीह के रहने वाले रोहित पांडेय की निर्मम हत्या कर दी गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात नामजद व कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 191 (2), 191(3), 190, 103(1) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया। अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा कई पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में 21 जुलाई को पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना से संबंधित 06 अभियुक्तों पर पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा भी किया गया। वांछित अभियुक्तों में अंकित यादव पुत्र शुकुल यादव (निवासी दरांव थाना बांसडीह, बलिया) व ओमप्रकाश यादव उर्फ प्रकाश यादव पुत्र रमेश यादव (निवासी पिण्डहरा थाना बांसडीह बलिया) को पुलिस ने 23 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, घटना के मुख्य अभियुक्त सहित दो अभियुक्तों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया गया था। शेष दो इनामिया अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# आईपीएस विक्रांत वीर को सरकार ने बलिया के पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात किया



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**बलिया।** वर्ष 2014 बैच के आईपीएस विक्रांत वीर को सरकार ने बलिया के पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात किया है। इसके पूर्व उन्नाव व हाथरस में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रहे। इसके अलावा लखनऊ में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पद पर रहे। जबकि अयोध्या सहायक पुलिस अधीक्षक तथा कानपुर में सहायक पुलिस अधीक्षक परीवीक्षाधीन के पद पर तैनात रहे। इसके पूर्व वर्ष 2017 में बलिया में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के रूप में आईपीएस विक्रांत वीर तैनात रहे। शासन ने नरही थाना प्रकरण में गुरुवार को एसपी वएएसपी का तबादला कर दिया था। बता दें कि बलिया में अवैध वसूली मामले में थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी समेत 22 पर मुकदमा नरही थाना के चर्चित यूपी बिहार की सीमा स्थित भरौली चौराहा पर एडीजी वाराणसी व डीआईजी आजमगढ़ ने गुरुवार को रात करीब दो बजे छापेमारी की। अधिकारियों ने यह कार्रवाई शराब, पशु तस्करी, लाल बालू तस्करी आदि की शिकायत पर की। मौके से अधिकारियों ने दो पुलिसकर्मी समेत 18 को हिरासत में ले लिया। छापे में मौक से 25 मोबाइल, कई बाईक भी पुलिस ने कब्जे में लिया। इस मामले में नरही थाना प्रभारी पन्नेलाल, कोरंटाडीह चौकी प्रभारी राजेश प्रभाकर, थाना के हेड कांस्टेबल व चार पुलिसकर्मियों समेत कुल 22 लोगों पर नरही थाना पर मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में शासन ने एसपी व एएसपी का तबादला कर दिया। सीओ सदर को भी सस्पेंड किया गया। इतना ही नहीं शासन ने नरही थाना प्रभारी पन्नेलाल, कोरंटाडीह चौकी प्रभारी राजेश प्रभाकर व सीओ शुभ सूचित की संपत्तियों की विजिलेंस जांच का भी आदेश दिया है।

# नवागत थाना अध्यक्ष संजय कुमार का स्वागत करते व्यापारी



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
नजीबाबाद व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान नजीबाबाद का एक प्रतिनिधिमंडल नवागत थाना प्रभारी से मिला और नगर की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने नगरपालिका क्षेत्र में दुपहिया वाहनों की चैकिंग के दौरान हैलमेट को चैक नहीं करने की मांग की। गुरुवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने नजीबाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार से शिष्टाचार भेंट की व पटका पहनाकर का स्वागत किया। थाना अध्यक्ष ने व्यापारियों को अपना पूर्ण सहयोग देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि अपराधियों के लिए उनके क्षेत्र में कोई जगह नहीं है। पीड़ितों की फरियाद सम्मान के साथ सुनी जाएगी और तत्काल न्याय दिलाने की की कोशिश रहेगी। व्यापारियों ने नगर पालिका क्षेत्र में दुपहिया वाहनों पर हेलमेट चेकिंग नहीं करने की मांग रखी जिसे तत्काल प्रभाव से मंजूर करते हुए थाना अध्यक्ष ने आश्वासन दिया नगर पालिका क्षेत्र के अंदर पुलिस द्वारा हेलमेट चेकिंग नहीं होगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कमल बंधु, नगर महामंत्री अनु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सौरव अग्रवाल, नगर मंत्री मोहम्मद आदिल, नगर मंत्री धीरज जैन, हाजी शहजाद आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# दहेज की खातिर नवविवाहिता की हत्या,पति सहित दो हिरासत में

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट रोहित कुमार
मुरादाबाद थाना टांडा बादली क्षेत्र मोती नगर निवासी प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले विजय सैनी ने बताया उन्होंने अपनी बहन प्रीति का विवाह गत सात वर्ष पूर्व 19 अप्रैल 2018 में कटघर के इलाके गांव देवापुर निवासी भारत सिंह के बेटे हीरा जो एक रामपुर रोड स्थित फर्म में काम करता हैं उसके साथ किया गया था। शादी के बाद दो बच्चों का जन्म हुआ फिर भी पति और ससुराल वाले प्रीति को कम दहेज लाने के लिए मारपीट के साथ साथ तरह तरह से टार्चर किया करते थे। पिछले दिनों उनकी बहन का फोन आया, उसने बताया पति और सास ससुर दहेज में स्विफ्ट डिजायर कार की मांग करते हुए उसे परेशान कर रहे हैं। इतना ही नहीं कोई साजिश रची जा रही हैं। इसके बाद कभी उनकी बहन का फोन नही आया। बहन की ससुराल आकर जब उससे मिलने की बात कही गई तो पति ने कहा वह मार्किट पत्नी की हत्यारोपी हीरा सिंह पुलिस गिरफ्त में गई हैं और फोन खराब हो गया है। भाई विजय सैनी को बहन के ससुराल वालों पर शक हुआ और उसने सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह को घटना की जानकारी देते हुए बहनोई हीरा देवर आशू सास लालानी ससुर भारत सिंह और नंदोई ओमकार के खिलाफ तहरीर मृतका प्रीती का फाइल फोटो देते हुए बताया दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर उसकी बहन की हत्या करने के बाद सभी सबूत नष्ट करने के लिए लाश को कहीं ठिकाने लगा दिया गया है। सीओ कटघर के आदेश पर जहां इस मामले में पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के आदेश दिए वही एक टीम को आरोपियों के घर पंडित नगला भेजा गया जहां से पुलिस ने पति हीरा और अन्य एक व्यक्ति आकाश को हिरासत में लेते हुए लापता हुई प्रीति के बारे में पूछताछ शुरू कर दी है। इन पांचों आरोपियों पर दहेज हत्या की नई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।भाई विजय ने आला अधिकारियों से मांग करते हुए कहा अन्य आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार करते हुए यह पता लगाया जाए आखिर उसकी बहन की हत्या करने के बाद शव का इन लोगों ने क्या किया और कहा फेंका गया है। कटघर पुलिस हिरासत में लिए गए पति हीरा और आकाश से लगातार पूछताछ में जुटी हुई हैं।

# बिजनौर : राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन से प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारी ने दिया इस्तीफा

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह
दिव्यांगो की आड़ में अपनी शान शौकत के साथ जिंदगी गुजार रहे पाशा, खुला राज तो हुए बेनकाब लेटर पैड पर जानकारी देते हुए रियासत राजा बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन में व्याप्त भ्रष्टाचार व दिव्यांगो को मिलने वाली सहायता को हड़प कर विकलांगों की आड़ में बड़ा घोटाला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामला उजागर होने पर विकलांग एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों व जिला कमेटी के जिला अध्यक्ष व महासचिव सहित कई तहसील के अध्यक्षों ने इस संस्था से न केवल इस्तीफा दे दिया है, बल्कि मुख्यमंत्री सहित आधा दर्जन से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत भेजते हुए, संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा की करतूत से भी अवगत करा गया है। घटना के सनसनीखेज खुलासे के बाद अब राष्ट्रीय विकलांग संस्था व उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा विवादों के घेरे में गिर गए हैं। आपको बतादे की राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रियासत राजा ने प्रेस को जारी प्रेस नोट में कहा है कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा की अब दिव्यांगो का ही उत्पीड़न कर रहे हैं। दिव्यांगो/विकलांगो के हकों की लड़ाई में एमआर पाशा लगातार लापरवाही कर रहे थे। बार-बार बताने व समझाने पर भी वह अपने कार्य में सुधार नहीं ला रहे थे। विभिन्न विभागों से मिलने वाली योजनाओं को दिव्यांगो तक ना पहुंचते हुए संबंधित विभागों के ही अधिकारियों से साठ गांठ कर अपने निजी लाभ लेने में जुटे हुए थे। दिव्यांगो / विकलांगों के लिए आने वाली सहायता राशि को भी हड़प लिया जा रहा था। इसलिए उन्होंने एक प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित कर निर्णय लिया की, उन्हें इस संस्था से किनारा करना है। और अधिकारियों को बताना है की दिव्यांगो की आड़ में एमआर पाशा बड़ा खेल कर अपनी निजी जिंदगी संवारने में लगे हुए हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अरबाज अंसारी, प्रदेश संयोजक इमरान, मंडल अध्यक्ष सजाकत हुसैन, जिला अध्यक्ष रियासत राजा, जिला महासचिव इंतजार हकीम, तहसील अध्यक्ष चांदपुर जाकिर हुसैन, तहसील अध्यक्ष नगीना नदीम अहमद, जिला प्रवक्ता मोहम्मद नदीम सिद्दीकी, व सदस्य शादाब, सद्दाम, मोहम्मद नौशाद, रोहित आदि ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए अपने हस्ताक्षर के साथ साथ अपने मोबाइल नंबर भी लिखे हैं। जिला अध्यक्ष रियासत ने बताया कि जब उन्होंने संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा को इस्तीफा दिया तो एमआर पाशा ने धमकी दी के यदि इस्तीफे कि सूचना मीडिया में दी तो वह उन पर दलाली का झूठा आरोप लगाकर अधिकारियों में शिकायत करेंगे। जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष से कोई यह पूछे कि उनका कारोबार क्या है। उनकी कौन सी ऐसी दुकान है जहां से रोज मररा की इनकम होती है। विकलांगों के नाम पर ही उन्होंने अब तक खाया और कमाया है।

# बिजनौर दुसरे समुदाय की नाबालिग लड़की के प्रेमजाल में फंस कर भागे आरोपी को पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह
नजीबाबाद नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में थाना नजीबाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दर्ज हुए अभियोग में पॉक्सो एक्ट की धारा वृद्धि करते हुए आरोपी युवक का सम्बंधित धाराओं में चालान कर दिया। थाना नजीबाबाद के गांव लुकादडी निवासी महिला ने दो माह पूर्व स्थानीय थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी निवासी धनीराम पुत्र रामवीर उसकी नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया और जांच में जुट गई। गुरुवार को थाना नजीबाबाद पुलिस ने हिरासत में युवती को ले जाने का आरोपी युवक धनीराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवती को बरामद करते हुए अभी रक्षा में लिया और दर्ज हुए अभियोग में पॉक्सो एक्ट की धारा वृद्धि की और युवक का चालान कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई कय्यूम अली, महिला कांस्टेबल अंजली, कांस्टेबल सहदेव आदि शामिल रहे।

# बिजनौर : ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री दीपक चौटाला को कारण बताओं नोटिस दिया गया

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह
नजीबाबाद सहायक विकास अधिकारी पंचायत नजीबाबाद द्वारा उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री दीपक चौटाला जी को कारण बताओं नोटिस दिया गया था जिसके विरोध में जिला अध्यक्ष अश्वनी कुमार एवं जिला महामंत्री दीपक चौटाला जिला कोषाध्यक्ष नरेश कुमार कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह गौतम एवं मंडल महामंत्री रूपेश कुमार जिला प्रवक्ता दीपक देव जिला प्रभारी फतेह सिंह, संदीप कुमार राजवंश, संजीव कुमार, अनिल कुमार, समस्त ब्लॉको के अध्यक्ष मंत्री कोषाध्यक्ष संगठन मंत्री संप्रेक्षक एवं पदाधिकारीगण एव कर्मचारी गण ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद प्रजापति एवं ब्लॉक महामंत्री सुशील कुमार एवं कोषाध्यक्ष, संप्रेक्षक संगठन मंत्री के नेतृत्व में अऊ्ड पंचायत नजीबाबाद से वार्ता की गई एवं कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में अऊ्ड पंचायत जी से मुलाकात में आश्वासन दिया कि मेरे द्वारा किसी भी कर्मचारी की का कोई शोषण उत्पीड़न नहीं किया जाएगा और उनके द्वारा तत्काल प्रभाव से जिला महामंत्री के नाम जो कारण बताओं नोटिस दिया गया था वह तत्काल निरस्त किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ बिजनौर विजय हुई। और कर्मचारियों में हर्ष उल्लास कर्मचारियों ने अपनी बातें खुले मन से अऊ्ड पंचायत नजीबाबाद जी के सामने रखी गई जिसमें अऊ्ड पंचायत द्वारा आए दिन ब्लॉक में निरीक्षण के नाम पर एवं तरह-तरह से कर्मचारियों का शोषण उत्पीड़न किया जा रहा था।उन्होंने आश्वासन दिया कि मेरे द्वारा किसी भी कर्मचारी को कोई परेशानी नहीं होगी जिसके लिए कर्मचारी में अमोद कुमार, नरेंद्र, सुभाषचंद्र, उदयपाल सिंह, संजय सिंह वाल्मीकि कोतवाली, दीपक कुमार, अंशुल कुमार, रवि कुमार थमन धामपुर धर्मपाल सिंह न नहटौर, महेंद्र सिंह मोहम्मदपुर देवल ब्लॉक, संदीप कुमार राजवंश दीपक देव राजेश कुमार कपिल देव ताराचंद कपिल सिसोदिया सुशील कुमार वाल्मीकि ब्लॉक किरतपुर अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# मुरादाबाद मस्जिद की दुकानों में पुर्न निर्माण को लेकर नमाजियों में गुस्सा

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट वकारअहमद
अमरोहा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत बाजार बसवानगंज के निवासियों ने मस्जिद की दुकानों में बिना अनुमति के निर्माण करने को लेकर एक शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी विनियमित क्षेत्र अमरोहा को सौंपा जिसमें उन्होंने बताया कि मौहल्ले में स्थित बड़ी मस्जिद में नमाज पढ़ते हैं उपरोक्त मस्जिद की दुकान बाजार बसवानगंज अमरोहा में स्थित है जिनके किराएदार बिना उचित अनुमति के मुतावल्ली को धोखे में रखकर दुकानात का पुनर्निर्माण कर रहे हैं जिससे मस्जिद के रौशनदान बंद हो गए हैं और नमाजियों को मस्जिद में हवा रौशनी बंद होने के कारण परेशानी उत्पन्न हो रही है जिस कारण वश उक्त दुकानात का पुनर्निर्माण रोका जाना आवश्यक है मुतावल्ली मस्जिद आजकल बीमार होने के कारण दिल्ली में हैं वकफ नंबर 357 मुरादाबाद / अमरोहा बड़ी मस्जिद अमरोहा की दुकानात के बिना उचित अनुमति के हो रहे निर्माण को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है इस मौके पर मौहम्मद सुहैल मौलाना यासिर, मुजाहिद अली, मौहम्मद अमन, शहजाद अब्दुल्ला, एजाज नबी, आरिफ शाहरुख, आबिद, मौहम्मद अरशद, जमशेद, हाफिज फहीम, नफीस, समीर, नबील, अफनान इरशाद अली, असलम, लईक, सरदार मुशीर, नाजिम, शानू, जाकिर, शमीम, दिलशाद औरंगजेब, अनवर, अमन आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला छात्रावास साहेबगंज मैं इग्नू नामांकन के लिए प्रमोशन कार्यक्रम का आयोजन किया



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहिबगंज। महिला छात्रावास साहिबगंज में इग्नू अध्ययन केंद्र 3605 के द्वारा नामांकन के लिए प्रमोशन कार्यक्रम का आयोजन इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देवघर के सहायक निदेशक डॉ सरोज कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में इग्नू अध्ययन केंद्र 3605 के समन्वयक डॉ ध्रूब ज्योति कुमार सिंह,सहायक समन्वयक डॉ प्रमोद कुमार दास,डॉ सिदाम सिंह मुंडा,डॉ शोभा मुर्मू और छात्रावास की छात्राएं उपस्थित थी।डॉ मिश्रा ने इग्नू में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी और पठन पाठन के महत्व को विद्यार्थियों को समझाया,साथ ही उन्होंने अपने जीवन के अनुभव भी साझा किए।डॉ ध्रूब ज्योति सिंह ने बताया की एससी/एसटी विद्यार्थियों के लिए बीए( सामान्य) बीएससी( सामान्य),वाणिज्य ( सामान्य)में नामांकन मात्र 500 रु के पंजीकरण शुल्क से हो रहा है।

### बरहरवा: झामुमो नगर कमेटी ने की कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष शक्ति नाथ अमन व बरहरवा नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने शुक्रवार को नव नियुक्त कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह से औपचारिक मुलाकात की झामुमो जिला कोषाध्यक्ष शक्ति नाथ अमन व नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने संयुक्त रूप से कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह को शाल ओढ़कर सम्मानित किया! नव नियुक्त कार्यपालक पदाधिकारी से नगर पंचायत क्षेत्र के चौमुखी विकास के बारे में चर्चा की साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा नगर क्षेत्र जो भी विकास की योजना है उसे धरातल पर उतरना पहला कार्य होगा एवं सरकार की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुँचे इसके लिए पूर्ण रूप से प्रयास करुंगा।

### संथाल परगना की आईजी क्रांति कुमार गढ़ी देसी से युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखलाक नदीम ने मुलाकात कर स्वागत किया

लोकतंत्र की आवाज



साहिबगंज। संथाल परगना की आईजी क्रांति कुमार गढ़ी देसी से युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखलाक नदीम ने जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में मुलाकात किया।इस दौरान उन्होंने साहिबगंज आने पर स्वागत किया और कहा कि निश्चित रूप से साहिबगंज जिला एक शांत जिला है।वही आईजी ने भी श्री नदीम को पुलिसिया व्यवस्था और बेहतर हो इसका भरोसा दिया,उन्होंने कहा कि हमारी पुलिस विभाग बहुत बेहतर काम कर रही है हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रहा है जो सराहनीय है।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय मौलटोला में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि। इस अवसर पर शिक्षक अंकज मंडल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को मनाया जाता है। यह 1999 में ऑपरेशन विजय की सफलता की याद दिलाता है। यह दिन भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध के समापन का प्रतीक है, जो मई 1999 में शुरू हुआ था। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूरा देश एकजुट होकर देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के साहस का सम्मान करता है। भारत की गौरवशाली विजय और भारतीय जवानों का बलिदान इतिहास के पन्नों पर हमेशा के लिए दर्ज है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश पाण्डेय,आशुतोष कुमार,पप्पू दास सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# डॉ. दिलीप जायसवाल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

- नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के कार्यों को गति मिलेगी और मिशन-2025 की राह आसान होगी

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

भागलपुर । खलीफाबाग़ चौक पर भाजपा भागलपुर के द्वारा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा विधान परिषद सदस्य व भूमि राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से उत्साहित भागलपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को उन्हें बधाई दी और ढ़ोल नगाड़ा के साथ खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई की दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में पार्टी नए कीर्तिमान स्थापित करेगी




भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहाँ कि संगठन में कार्य करने का डॉ दिलीप जायसवाल का लंबा अनुभव है। इसका लाभ पार्टी की प्रदेश इकाई को मिलेगा। नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के कार्यों को गति मिलेगी और मिशन-2025 की राह आसान होगी।

जिला महामंत्री योगेश पांडेय ने कहाँ की मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी के कार्यकर्ताओं को अवश्य मिलेगा और बिहार भाजपा संगठनात्मक रूप से और सुदृढ़ होगी'। युवा नेता बंटी यादव ने कहाँ की संगठन और राजनीतिक अनुभवों का लाभ पार्टी के कार्यकर्ताओं व संगठन दोनों का मिलेगा। वरिष्ठ नेता निरंजन साह ने कहा कि दिलीप जायसवाल अगुवाई में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी, संगठन का विस्तार होगा और कार्यकर्ताओं की संख्या में वृद्धि होगी।

इस अवसर पर डॉ रोशन सिंह, उमाशंकर, राजकिशोर गुप्ता,मनीष दास,राजेश टंडन,विकास कर्न,जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, विनोद सिन्हा, प्रदीप जैन, सुरेन्द्र मंडल, अश्वनी जोशी मौन्टी, अमित ट्विंकल, निरंजन चंद्रवंशी, संजय हरि,आशीष सिंह,रूबी दास,प्रणव दास,मुकेश हरि,प्रीति पांडेय,नंदनी जायसवाल, प्रतिक आनंद, अभिनव कुमार,सुबोध चंदेल, आनंद पासवान,धर्मेंद्र बब्लू, संजय हरि,राहुल तोमर,पूनम शर्मा, विनीत भगत, रितेश घोष, चंदन पोद्दार, शशांक घोष, गौरव, कन्हैया,दिलीप जायसवाल,संदीप शर्मा,सुनील चंद्रवंशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य संसद 2024 में मिले सुशीला नायर स्वस्थ भारत उत्कृष्टता सम्म्मान समर्पित किया गया



लोकतंत्र की आवाज

मुंगेर। मुंगेर स्थित पादुका दर्शन सन्यास पीठ में चातुर्मास अनुष्ठान के समारोह में परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती को बिहार योग विद्यालय मुंगेर को अयोघ्या में राष्ट्रीय संस्था स्वस्थ भारत न्यास और आचार्य नरेन्द्र देव कृषि प्राद्यौगिकी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वास्थ्य संसद 2024 में मिले सुशीला नायर स्वस्थ भारत उत्कृष्टता सम्म्मान समर्पित किया गया।

यह सम्मान अयोध्या में आयोजित समारोह में बिहार योग विद्यालय के प्रतिनिधि के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार कुमार कृष्णन ने आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेन्द्र सिंह और पूर्व कृषि कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा राज के द्वारा ग्रहण किया था। स्वस्थ भारत न्यास के चैयरमैन आशुतोष कुमार सिंह के अनुसार यह सम्मान देश की दूसरी स्वास्थ्य मंत्री सुशीला नायर को समर्पित है, जो संस्थाओं को प्रदान किया जाता है। पादुका दर्शन में आयोजित समारोह में कुमार कृष्णन ने अयोध्या में आयोजित स्वास्थ्य संसद 2024 के अनुभव को साझा किया और विहार योग विद्यालय के संदर्भ में वहां दी गयी जानकारी को बताया। समारोह में स्वस्थ भारत सारथी सम्मान से सम्मानित राकेश कुमार, स्वामी शिवध्यानम, स्वामी कैवल्यानंद और आश्रम के सन्यासी उपस्थित थे।

## झारखण्ड मजदूर संघ ने 11 सूत्र मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

मंडरो। झारखण्ड मजदूर संघ (प्र०) अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में धरने देने का काम कर रहे है।वही आज मंडरो प्रखण्ड में संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष उत्तम कुमार यादव के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया।धरना में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मौजूद रहे।वही मुख्य अतिथि ने कहा कि संगठन अपनी मांगों के समर्थन में लगातार आंदोलन कर रहे है।श्री यादव ने कहा कि मजदूरों की मांग जब तक पूरा नही होगा तब तक ये आंदोलन जारी रहेगा।मौके पर वीरेंद्र राम,कृष्णा मंडल, अब्दुल करीम,अमरेंद्र सिंह,प्रकाश यादव,नारायण कुमार भगत,लोबिन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय निर्माण समिति कहलगांव की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती, कहलगांव। विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय निर्माण समिति कहलगांव के सदस्यों की आज संध्या शहर के गांगुली पार्क स्थित विक्रमशिला बिहार में आवश्यक बैठक हुई जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि जल्द कहलगांव के सभी सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष व सचिव के साथ बैठक आयोजित की जाए ताकि समिति का विस्तार हो सके।



बैठक में जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तावित केंद्रीय विश्वविद्यालय जमीन अधिग्रहण के लिए भू अर्जन विभाग को राशि विमुक्त किए जाने पर खुशी जाहिर की गई। मांग की गई की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के लिए अधिग्रहण किए जाने वाले क्षेत्र में अधिकारी कैंप लगाकर किसानों के कागजातों का अवलोकन कर उन लोगों को उचित सलाह दें तथा अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करें। यह भी निर्णय लिया गया कि समिति का एक शिष्टमंडल जल्द महामहिम राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री से मिले तथा उन लोगों को विक्रमशिला खुदाई स्थल का परिभ्रमण करने का आमंत्रण दे। आज की बैठक में पत्रकार पवन कुमार चौधरी, प्रवीण कुमार राणा, मनोज कुमार झा, पवन भारती, अंजन कुमार मिश्रा, प्रशांत कुमार, राजकिशोर मंडल, हिमांशु कृष्ण झा बबलू समेत कई लोग शामिल हुए। बहुत स-धन्यवाद बैठक की कार्रवाई संपन्न हुई।

## कोटालपोखर थाना प्रभारी ने बिना माइनिंग चालान के अवैध परिचालित आठ वाहनो को किया जब्त

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

बरहरवा। कोटालपोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय विचौलियों और माफ़ियायों द्वारा प्रसाशन की आँखों में धूल झोंककर अवैध रूप से पत्थरों की तस्करी को अंजाम दिया जा रहा था,जिसकी सूचना कोटालोखर थाना प्रभारी को मिलते ही त्वरित कार्यवाही हेतु कोटालपोखर एवं आस पास के इलाकों में औचक छापेमारी की गई,छापेमारी के दौरान थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान ने आठ अवैध पत्थर लदे बिना माइनिंग चालान के परिचालित ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।



जिला प्रसाशन द्वारा अवैध परिचालन पर पूर्ण रुप से रोक लगाने के लिए टास्क फोर्स का गठन कर इन गत्तिविधियों पर रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है परंतु पत्थर एवं वाहन माफिया सहित स्थानीय कुछ विचौलियों द्वारा गुप्त रूप से ट्रैक्टर एवं छह चक्का वाहनो से प.बंगाल के लिए बिना माइनिंग के अवैध रुप से गाड़ियों का परिचालन रात के अंधेरे में पुलिस एवं अंचल प्रसाशन की रेकी कर आंखों में धुल झोककर करने का मामला बार बार प्रकाश मे आते रहते है ,इस बाबत कोटालपोखर थाना प्रभारी ने ततपरता दिखाते हुए इन्हें धर दबोचा है,मामले को लेकर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान ने कहा कि किसी भी प्रकार के अवैध गत्तिविधियों को थाना क्षेत्र में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## समस्तीपुर: कलयुगी पुत्र ने पिता को किया चाकू से घायल, हालत नाजुक

लोकतंत्र की आवाज

रामजी कुमार

समस्तीपुर। ताजपुर बंगरा थाना क्षेत्र कुबौली गांव में गुरुवार की रात एक कलयुगी पुत्र ने अपने ही पिता पर चाकू से वार करके घायल कर दिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से रेफरल अस्पताल ताजपुर में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में डॉक्टर के द्वारा नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। बताया जाता है कि घरेलू विवाद को लेकर यह घटना को अंजाम दिया गया है। घटना को अंजाम देने वाला पुत्र फरार बताया गया है। जख्मी की पहचान मनोज मांझी के रूप में की गई है।



जख्मी की पत्नी सीता देवी के अनुसार गुरुवार की रात्रि में उनकी पुत्री और उनके पति के बीच घरेलू विवाद को लेकर कहा- सुनी हो हो रहा था। उनका पुत्र रमेश कुमार सो रहा था इसी बीच उनका पोता उसे जाकर उठा दिया इसके बाद वह मौके पर पहुंचा और पहले तो वह चुपचाप खड़ा था कुछ समय बाद अचानक वह अपने पिता पर ताबड़तोड़ चाकू से वार करना शुरू कर दिया। जब तक वह कुछ समझ पाती उनके पुत्र द्वारा अपने ही पिता पर चाकू से वार कर लहूलुहान कर दिया। उसके बाद उनकी पत्नी अलग करने लगी तो आसपास के लोग बीच बचाव के लिए पहुंचे तब जाकर मामला शांत हुआ। बंगरा थाना अध्यक्ष मनीषा कुमारी के अनुसार न्यूज़ के माध्यम घटना की सूचना मिली। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जिला पदाधिकारी ने डीपीओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, मुंगेर बंद मिला डीपीओ कार्यालय

लोकतंत्र की आवाज

डॉ शशि कांत सुमन

मुंगेर। जिलाधिकारी, मुंगेर अवनीश कुमार सिंह की कार्यशैली से जिले के सभी विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। उनके द्वारा लगातार किसी न किसी विद्यालय अथवा कार्यालय का निरीक्षण किया जा रहा है। आज जिलाधिकारी ने जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) के कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। दस बजे कार्यालय बंद पाया गया, जिसे देख उन्होंने जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रेखा कुमारी सहित वहां कार्यरत अन्य सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण करते हुए सभी के वेतन स्थगित करने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी के



इस रूप से जहां सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं सभी पदाधिकारी एवं कर्मी भी ससमय कार्यालय पहुंच रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज डीपीओ आईसीडीएस के कार्यालय का मेरे द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, जहां कार्यालय अवधि में भी कार्यालय बंद पाया गया। इसके तहत कार्यालय में पदस्थापित डीपीओ आईसीडीएस रेखा कुमारी सहित अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण

- डीपीओ समेत सभी कर्मियों का वेतन स्थगित करने का दिया निर्देश

पूछते हुए अगले आदेश तक सभी के वेतन स्थगन का आदेश दिया गया है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग कार्यालय ससमय पहुंचे और अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन करें। इस तरह की कोई भी लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा ससमय कार्यालय नहीं आना उनके कर्तव्यों के प्रति लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता का द्योतक है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## दिलीप जायसवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर किया स्वागत

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

भागलपुर। भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अर्जित शाश्वत चौबे ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर अंग जनपद के लाल और सीमांचल क्षेत्र के सशक्त नेता भूमि एवं राजस्व मंत्री डा.दिलीप जयसवाल को उनके पटना स्थित आवास पर मिलकर पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। चौबे ने कहा की अयोध्या से भगवान राम लला का प्रसाद स्वरूप यह अंगवस्त्र आपको अंग जनपद के तमाम कार्यकर्ताओं की तरफ से मैं पहना रहा हूं। चौबे ने उनका अभिनंदन करते हुए जल्द भागलपुर आने का न्योता दिया।



नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. जयसवाल को पार्टी संगठन का एक लंबा अनुभव है एवं पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने कोश के विकास हेतु निरंतर प्रयास किया है। दिलीप जी एक सामान्य कार्यकर्ता की भांति हमेशा पीछे रहकर संगठन का कार्य करते रहे हैं जो उनके व्यक्तित्व को और निखार प्रदान करता है। वे एक कुशल संगठनकर्ता तो हैं ही साथ में एक दक्ष प्रबंधक भी हैं जिन्होंने बिहार के सभी 45 संगठन जिलों में घूम घूम कर पार्टी का जिला कार्यालय निर्माण करवाया है। आज पार्टी का सभी जिलों में जो कार्यालय है उसमे उनकी महती कार्यशैली उन्हे बाकी से अलग करता है।

अर्जित ने एक संगठनकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनने के लिए हृदय से केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है एवं इनके नेतृत्व में 2025 में होने वाले बिहार विधान सभा चुनाव जीत कर बिहार में एन डी ए की सरकार बनने की बात कही। शुभकामना देने वालों में वरिष्ट भाजपा नेता अरुण सिंह, देवकुमार पांडे, सज्जन अवस्थी, शरद वाजपेई, नरेश यादव, अरुण भगत, पंकज सिंह, शशि मोदी, सुधीर चौधरी, आशीष पांडे, रूबी दास, पूनम भगत, रंजित सिंह, गोलन सिन्हा, सोमनाथ शर्मा, चंदन ठाकुर, संजय भगत सहित कई कार्यकर्ता प्रमुख है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः केंन्द्रीय बजट स्वागत योग्य,यह देश के विकास को नई दिशा देने वाला बजटः अमोद सिंह

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः मोतिहारी, केसरिया जदयू के सक्रिय नेता व बैरिया निवासी,जनसेवक अमोद कुमार सिंह ने केंद्रीय बजट को स्वागत योग्य बताया है। वहीं उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों एवं महिलाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित कर पेश किया गया है यह बजट। जिसमें सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी है यह बजट। देश के विकास को नई दिशा देने वाला बजट हैं। इस बजट में कृषि को बढ़ावा देते हुए कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए अनुसंधान पर बल दिया गया है। युवाओं के लिए नए रोजगार सृजन किए जायेंगे, रोजगार को कौशल विकास प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। कुल मिलाकर यह बजट विशेष कर युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं गरिबों के लिए एवं समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही इस बजट से सभी को लाभ मिलने की बात कहें है।

### चकियाः मॉक ड्रील कर अग्नि सुरक्षा की दी गई जानकारी

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः जिले के चकिया अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा परसौनी खेम टोल प्लाजा पर उपस्थित सभी टॉल प्लाजा कर्मी एवं पदाधिकारीगण की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान मॉक ड्रिल में विभिन्न प्रकार से आगों से सुरक्षा के बारे में जागरूक दी गई। साथ ही अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग की विधि के बारे में संचालन एवं संधारण की विधि से भी अवगत कराते हुए अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर अनुमंडल अग्निशामल पदाधिकारी रमेश प्रसाद, फायरमैन रणधीर कुमार, अशोक कुमार, प्रशांत कुमार, सज्जन, नंदन कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### अधूरे आवास को पूर्ण कराने का निर्देश।

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) प्रतिमा रानी ने बगहा एक,दो के बीडीओ, आवास पर्यवेक्षक, आवास सहायक, लेखापाल, पंचायत सचिव आदि के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग से पंचायतों में संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की।इस दौरान प्रखंड बगहा एक में 262 अपूर्ण और प्रखंड बगहा दो में 265 आवास योजना के कार्यों को आधा अधूरा पाया गया।सभी आवास कर्मी को इसे पूरा कराने के साथ ही अन्य योजनाओं को समय पूरा करने का निर्देश दिया।वही प्रखंड बगहा एक व दो के पंचायत सचिवों, आईटी सहायक सह लेखापाल को स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय निर्माण करने, ससमय कूड़ा का उठाव करने सहित स्वच्छता को लेकर अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक करने पर बल दिया।पंचायत में सरकार के द्वारा संचालित अन्य सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर बल दिया गया।अनियमितता पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।बैठक में बगहा दो बीडीओ बिट्टू कुमार राम सहित सभी आवास कर्मी, पंचायत सचिव, आईटी सहायक सह लेखापाल मौजूद थे।

### भाजपा नेता श्वेतमणि सिंह उर्फ तुषार सिंह ने नए प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए अंगवस्त्र ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंटकर किया सम्मानित, दिए बधाई एवं शुभकामनाएं ।

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा



बगहा।बीजेपी के विधान पार्षद व राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप जायसवाल भाजपा को नए बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा नेता श्वेतमणि सिंह उर्फ तुषार सिंह ने शुक्रवार को उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात करते हुऐ अंगवस्त्र ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया साथ ही बधाई व शुभकामनाएं दीं।भाजपा नेता तुषार सिंह ने नवनियुत प्रदेश अध्यक्ष को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के बाद वैश्य नेता दिलीप जायसवाल को कमान दिया गया है जो प्रदेश में पार्टी हित में मजबूती मिलेंगी। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व की तरफ से पत्र जारी कर दिया गया है। राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने डॉ. दिलीप जायसवाल को बिहार भाजपा का नया अध्यक्ष बनाए जाने का पत्र जारी किया है।भाजपा नेता श्वेतमणि सिंह उर्फ तुषार सिंह ने पुनः नए प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में बिहार भाजपा नई उंन्चाइयों को प्राप्त करेंगी।

# बगहाःजिला कल्याण पदाधिकारी ने विकास मित्रों को विकास रजिस्टर को अपडेट करने को लेकर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नवनीत कुमार बगहा नगर के सभी विकास मित्र के साथ साप्ताहिक बैठक किया**



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** प्रखंड बगहा दो के सभागार भवन में जिला कल्याण पदाधिकारी पश्चिमी चंपारण, बेतिया मो.असलम की अध्यक्षता में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नवनीत कुमार एवं प्रखंड बगहा दो और बगहा नगर के सभी विकास मित्र के साथ साप्ताहिक बैठक किया।बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी ने प्रखंड बगहा दो एवं बगहा नगर क्षेत्र के सभी विकास मित्रों से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकासात्मक योजनाओं एवं विकास रजिस्टर के बारे विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश दिया साथ ही प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नवनीत कुमार को विकास रजिस्टर को कर्मियो से अपडेट कराने को लेकर निर्देश दिया।प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नवनीत कुमार ने बताया कि प्रखंड बगहा दो एवं बगहा नगर क्षेत्र के सभी विकास मित्र अपने पंचायत एवं वार्ड में डोर-टू-डोर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलो, परिवारों के घर-घर जाकर विकास रजिस्टर को अपडेट करना हैं।जैसे कि परिवार का पूर्ण ब्यौरा जैसे परिवार को कौशल विकास, विद्युत, जलापूर्ति, शौचालय, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, समेकित बाल विकास सेवाएं, वासभूमि, दिव्यांग आदि से संबंधित विभिन्न लाभ दिए जा रहे हैं या नहीं आदि को विकास रजिस्टर में दर्ज करना हैं।मौके पर प्रखंड समन्वयक अजय कुमार, लक्ष्मण राम, सविता कुमारी, रीता देवी, आरजू कुमारी, अमर जीत राम जोखन राम आदि तमाम विकास मित्र मौजूद रहें।

### बगहाःरतवल के वार्ड नंबर 10 में अचानक लगा आग, लगभग दस घर जलकर हुआ खाक रोटी बैंक बगहा द्वारा किया गया सभी पीड़ित परिवारों को मदद



लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**बगहा।** पंचायत चंदर पुर रतवल के वार्ड नंबर 10 में पौने तीन बजे अचानक लगी आग, आग लगने से लगभग 10 घर हुई जलकर स्वाहा , सभी पीड़ित परिवारों को रोटी बैंक बगहा द्वारा खाने का सामान, साड़ी , लूंगी , गमछा का दिया गया । रोटी बैंक के संस्थापक मृत्युंजय कुमार राव ने बताया कि हमलोग का कर्तव्य बनता है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। और हमलोग को पता चला कि रतवल के वार्ड नंबर 10 में अचानक आग लगने से लगभग 10 घर जल गया हैं। जिसमें हमलोग सभी पीड़ित परिवारों को सूखा राशन के साथ साथ कपड़ा का भी वितरण किया।

मृत्युंजय कुमार राव कहा कि रोटी बैंक बगहा का एक ही लक्ष्य हैं कि कोई भूखा न सोये, जो भूख से स्वंतत्र हो। वही मौके पर रोटी बैंक बगहा के सदस्यो में मृत्युंजय कुमार राव , सुभम गुप्ता ,अभिनव गुप्ता, अनमोल शर्मा ,सोनू गुप्ता के साथ समाज सेवी नवीन राव, सलेंद्र राव, संजीव राव वार्ड और सूरज तिवारी के साथ ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

### जन सुराज के सदस्यों ने तमकुहा में कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों के परिवारों का किया सम्मान



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**मधुबनी ।** प्रखंड के तमकुहा में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जन सुराज के सदस्यों द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सैनिकों के परिवारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सैनिकों के परिवारवालों को पिला गमछा देकर उनके योगदान की सराहना की गई। इस मौके पर मीडिया कर्मियों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। बच्चों ने देशभक्ति गानों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरे वातावरण में देशभक्ति की भावना प्रबल हो गई। मधुबनी प्रखंड संयोजक सरफुद्दीन अंसारी के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था !जन सुराज के सदस्य सुनील गुप्ता, करन कुशवाहा, , और निप्पू कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे। इस आयोजन का उद्देश्य सैनिकों और उनके परिवारों के बलिदान को सम्मान देना और समाज में उनके योगदान को उजागर करना था।

## स्कूल में मची अचानक अफरा तफरी,छात्र की हालत गंभीर

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**



**रक्सौल ।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, पनटोका में चेतना सत्र के दौरान तीसरे वर्ग के एक छात्र अचानक बेहोश गया।बच्चे की नाजुक स्थिति देख स्कूल में अफरा तफरी मच गई।बेहोशी की स्थिति में उसके हाथ पैर को थरथराते देख सभी शिक्षक और शिक्षिका दौड़ पड़े और छात्र काशी कुमार उर्फ सूरज को संभाला।उसे कार्यालय कक्ष स्थिति प्रथम वर्ग के बेंच पर लिटाया गया।बिजली गुल होने से बच्चे को हाथ पंखे से बच्चे और शिक्षक हवा देने लगे तथा उसके मुंह पर पानी का छींटा देकर होश में लाया गया। छात्र को संभाले वरीय शिक्षक मुनेश राम, सुभाष प्रसाद यादव ,शिक्षिका, गीतारानी आसमां प्रवीण, बबिता कुमारी, कविता कुमारी, दीक्षा कुमारी ने बेहोश बच्चे की सेवा सुश्रुषा कर उसे पूर्ववत स्थिति में लाया।उक्त छात्र चेतना सत्र के दौरान प्रार्थना करते समय लड़खड़ाने लगा, जिसे बगलगीर बच्चे ने संभाला।तब तक वह बेहोश।हो चुका था।पूछने पर छात्र काशी कुमार ने बताया कि चेतना सत्र के दौरान प्रार्थना के समय अचानक उसे चक्कर आया और वह सुधबुध खो बैठा।बता दें कि उमस भरी गर्मी से विद्यालयों में छात्रों के हुजूम के कारण तापमान में काफी बढ़ोतरी हो जा रही है और पोशाक में बच्चे पसीने से तर बत्तर हो रहे है।ऐसे हालात सभी विद्यालयों के है।कमजोर बच्चे असहनीय तापमान झेलने में असमर्थ हो रहे है।इस आशय की पुष्टि करते हुए एचएम प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र सुबह में बिना स्नान किए और खाना खाए विद्यालय आ गया।अत्यधिक उमस और गर्मी के कारण उसे चक्कर आ गया क्योंकि वह पहले से ही काफी कमजोर है, हालांकि स्कूल परिसर में स्थित पीपल के पेड़ के छाए तले चेतना सत्र संचालित हो रहा था।बावजूद, छात्र बेहोश हुआ, चिंता का विषय है।इस घटना की सूचना पीड़ित छात्र के अभिभावक को दिया गया तथा उन्हें बुला छात्र को उनके हवाले कर दिया गया तथा बच्चे के स्वास्थ्य जांच की सलाह दी गई।इस घटना से बच्चों के बीच भय का माहौल है।इधर, बसपा के प्रदेश महासचिव सह रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी चंदकिशोर पाल ने राज्य में बढ़ते तापमान व उमस भरी गर्मी से छात्रों की हो रही मौत व बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ते कुप्रभाव व बच्चों के स्वास्थ्य के मद्देनजर शिक्षा विभाग से सुबह की पाली में विद्यालयों का संचालन करने की मांग की है।

## बहुरेंगे छितौनी-तमकुही रेल लाइन के दिन। केंद्रीय कोयला-खनन राज्य मंत्री ने रेलमंत्री को पत्र सौंप किया निवेदन।

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**




**बगहा ।** करीब एक दशक से ठप्प पड़े छितौनी-तमकुही रेल परियोजना के दिन एक बार फिर से बहुरने की उम्मीद जगी है।हजारों लोगों के प्रदर्शन व पुरानी मांग को देखते हुए केंद्रीय कोयला, खनन राज्य मंत्री सतीशचंद्र दुबे ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र सौंप बंद पड़ी इस रेल परियोजना को फिर शुरू करवाने की मांग की है।जानकारी के अनुसार रेल मंत्री के द्वारा केंद्रीय राज्यमंत्री सतीश चन्द्र दुबे को सकारात्मक आश्वासन दिया गया है, जिससे लोगों में इस परियोजना को लेकर एक बार फिर से आस जग गयी है।बताते चलें कि वर्ष 2007 में तत्कालीन रेल मंत्री के द्वारा छितौनी तमकुही रेल लाइन का शिलान्यास किया गया था।यह रेल लाइन पनियहवा से छितौनी होते हुए नारायणी नदी के किनारे होते हुए मधुबनी, धनहा, खैरा टोला इत्यादि स्थानों से होकर गुजरेगी तथा कुशीनगर के तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन पर कप्तानगंज-थावे रेल लाइन में मिल जायेगी।इस परियोजना में 37.7 लाख घन मीटर मिट्टी के कार्य के साथ साथ 10 बड़े पुलों एवं 47 छोटे पुलों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित था।परियोजना में पनियहवा से 3.35 किमी पर छितौनी, 15.5 किमी पर जटहां, 28.7 किमी पर मधुबनी 35 किमी पर धनहा, 38 किमी पर खैरा टोला व 49.7 किमी पर पिपरासी स्टेशन व हाल्ट का निर्माण की रूपरेखा बनाने के साथ ही 62.5 किमी पर अंतिम तमकुही रोड स्टेशन को जंक्शन बनाया जाना प्रस्तावित था।इस रेल लाइन के निर्माण से नारायणी नदी के दक्षिण स्थित बिहार के निवासियों के लिए बड़ी राहत होगी।उन्हें एक तरफ जहां आवागमन की अच्छी सुविधा सुलभ हो जायेगी।वहीं दूसरी ओर साल दर साल आने वाली बाढ़ से बचाव के लिए यह रेल लाइन एक मजबूत बांध के रूप में भी काम करेगा।साथ ही यहां पर्यटन, रोजगार और व्यापार की संभावनाएं बढ़ जायेंगी।

## जनता दरबार कार्यक्रम में शामिल हुए जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**



कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान।जिलाधिकारी ने समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी के जनता दरबार में कुल-75 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।आज के जनता दरबार में जिन लोगों द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें रम्भा देवी, उषा देवी, शमशीदा बेगम, कन्हैया लाल, कृष्णमोहन मिश्र, दिनेश कुमार, सुरेश कुमार दास, मनमती देवी, बृजवंशी महतो, सुधा कुमारी, प्रदीप राम, मु0 हेवंती आदि के नाम शामिल हैं।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसाद सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, विनोद कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अमरेंद्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता, विपिन कुमार यादव, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बेतिया नगर निगम में घर घर गैस पाईप लाईन का विस्तार हुआ प्रारंभ।

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**



**बेतिया ।** शुक्रवार दिन जयप्रकाश नगर वार्ड नंबर 31 में नेचुरल गैस पाइपलाइन का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि अनिल वर्मा ने पूजा अर्चना के साथ वरिष्ठ पत्रकार सह वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के सचिव निरंकार भास्कर के अवास पर घरेलू गैस पाइपलाइन सप्लाई का कार्य प्रारंभ हुआ जहां इस संबंध में भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के एरिया सुपरवाइजर बुलेट कुमार ने बताया कि यह नेचुरल गैस वर्तमान में चल रहे रसोई गैस से बहुत सस्ती है तथा इससे आग लगने कि कोई भी समस्या ना के बराबर रहती है तथा गैस बराबर उपलब्ध रहता है कोई किसी प्रकार की समस्या नहीं है इस नेचुरल गैस के सप्लाई हो जाने से कनेक्शन लेने वाले लाभार्थी को गैस खत्म होने से बिलकुल निजात मिलेगा जब चाहे खाना बनाने में उपयोग कर सकते हैं इसका कार्य नगर निगम के प्रत्येक घर में लगाने का काम अब सुरू हो गया है जल्द ही सभी के घर में लग जायेगा।मौके पर पन्नालाल कुमार, नितेश कुमार बिहार कुमार लालबाबू कुमार श्याम बिहारी सुमन कुमार दीपू कुमार आदि भारतीय पेट्रोलियम कारपोरेशन के कर्मचारी मौजूद रहे।

## बच्चों के कल्याण एवं उत्थान के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ करें कार्य : जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**



नियमित रूप से होटलों, ढ़ाबों, प्रतिष्ठानों, दुकानों, मोटर गैराजों आदि पर रखें नजर। धावा दल को रखें एक्टिव और नियमित रूप से कराएं छापेमारी।जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) हेतु गठित जिला टास्क फोर्स तथा जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न।बच्चों का शोषण करने वालों के विरूद्ध नियमानुकूल सख्त कार्रवाई करने का निर्देश।जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) हेतु गठित जिला टास्क फोर्स तथा जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में एजेंडावार विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। जिसमें धावादल निरीक्षण, विमुक्त बाल श्रमिक, सीएलटीएस में इंट्री, विमुक्त बाल श्रमिकों का सीएमआरएफ, विमुक्त बाल श्रमिकों को तत्काल सहायता, एफडी पूर्ण होने पर भुगतान, नन-कैश कम्पोनेंट, भौतिक सत्यापन सहित अन्य विषय शामिल हैं।इस अवसर पर जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने कहा कि बच्चों के कल्याण एवं उत्थान के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें। नियमित रूप से होटलों, ढ़ाबों, प्रतिष्ठानों, दुकानों, मोटर गैराजों आदि पर नजर रखी जाय। धावा दल को एक्टिव रखा जाय और नियमित रूप से छापेमारी कराना सुनिश्चित किया जाय।उन्होंने कहा कि विमुक्त हुए बच्चों एवं किशोरों को सरकार द्वारा देय सुविधाएं ससमय दिलाना सुनिश्चित किया जाय। विमुक्त हुए बच्चों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु तत्परता दिखायी जाय। ऐसे बच्चों की लगातार मॉनिटरिंग कराएं कि कहीं वह फिर से दूसरे जगह तो श्रम नहीं कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि विमुक्त बच्चों/किशोरों को सामाजिक मुख्यधारा में लाने हेतु कारगर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर इस दिशा में बेहतर तरीके से कार्य करें ताकि विमुक्त बच्चों/किशोरों का भविष्य बेहतर हो सके। बच्चों का शोषण करने वालों के विरूद्ध नियमानुकूल सख्त कार्रवाई की जाय।उन्होंने निर्देश दिया कि विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। जलाधिकारी द्वारा श्रम अधीक्षक तथा श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जिलास्तर, अनुमंडलस्तर, प्रखंडस्तर तथा ग्राम पंचायत स्तर के विभिन्न बैठकों में विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों से अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएं। उन्हें बताएं कि बाल/किशोर श्रम करते हुए कोई पाया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत दें, उनके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।जिलास्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में माननीया मेयर, नगर निगम, बेतिया, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज सहित अन्य सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये तथा महत्वपूर्ण सुझाव दिये।श्रम अधीक्षक, पश्चिम चम्पारण द्वारा बताया गया कि बाल श्रमिकों के विमुक्तिकरण के लिए विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बाल/किशोर श्रमिकों के विमुक्तिकरण के साथ ही उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य तथा उनके माता-पिता को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित भी कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 से जून 2024 तक धावा दल द्वारा कुल-46 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान 22 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है। सीएलटीएस में 22 इंट्री की जा चुकी है। 03 विमुक्त बाल श्रमिकों को सीएमआरएफ से लाभान्वित किया गया है। 10 विमुक्त बाल श्रमिकों को तत्काल सहायता पहुंचायी गयी है। वहीं एफडी पूर्ण होने पर कुल-13 बच्चों को भुगतान किया जा चुका है।इस अवसर पर मेयर, नगर निगम, बेतिया, श्रीमती गरिमा देवी सिकारिया सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया, शंभु कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता, श्रम अधीक्षक, पश्चिम चम्पारण, विरेन्द्र कुमार महतो, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार, डीपीओ, आइसीडीएस, श्रीमती कविता रानी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुंगेर : मुकेश सहनी के पिता की हत्या राज में बढ़ते अपराधियों के मनोबल का परिणाम : प्रमोद यादव



**मुंगेर ।** इंडिया गठबंधन के नेता, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी का पिछले दिनों उनके आवास पर हुई निर्मम हत्या से मर्माहत राजद प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार यादव एवं वीआईपी नेता जफर अहमद ने शोकाकुल परिवार से मिलने मुंगेर से दरभंगा जिला स्थित उनके आवास पर मुकेश सहनी से मिल कर सांत्वना दिया तथा बिहार में बढती अपराधिक घटनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि गत् लोकसभा चुनाव में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की जोड़ी और बढती लोकप्रियता से घबरा कर बिहार की डबल इंजन की सरकार के मुखिया नीतीश कुमार बिहार में भाजपा का एजेन्डा लागू करना चाहते हैं.जब से नीतीश पीएम मोदी जी की चरणों में पर गिरकर अपनी कुर्सी बचाने की मुहिम में लगे तब से बिहार में लगातार कानून व्यवस्था ध्वस्त होती जा रही है. अपराधी बेलगाम होकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है । आपके पिता की निर्मम हत्या भी अपराधियों के बढ़ते मनोबल का ही परिणाम है ।

### पत्रकार के पिता की आकस्मिक मौत से लगा पितृ शोक



**गौनाहा ।** प्रखंड सन्मार्ग के रिपोर्टर पत्रकार दीपक पाठक के पिता ब्रजेंद्र पाठक की आकस्मिक मौत शुक्रवार को दोपहर के 1:30 बजे हृदय गति रुक जाने के कारण हो गयी वे करीब 75 वर्ष के थे। उनके आकस्मिक मौत से पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है उनके दो पुत्र में सुजीत पाठक बड़े तथा दीपक पाठक छोटे हैं। दीपक पाठक ने बताया कि वे करीब एक सप्ताह से बीमार थे। उनके परिजनों ने बताया कि ब्रजेंद्र पाठक पूर्व में जनवितरण दुकानदार थे । उनकी दो पुत्री थी दोनों पुत्री शादी शुदा थी दोनों पुत्री का पहले ही स्वर्गवास हो चुका है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। मृतक ब्रजेन्द्र पाठक की पत्नी स्वर्णलता देवी की मौत 2020 में ही हो चुकी है। काफी दिनों तक ब्रजेन्द्र पाठक गौनाहा जनवितरण दुकानदार संघ के प्रखंड अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनका अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव मठ मंझरिया के समीप पंडई नदी के किनारे की जाएगी।

# दो यात्री बसों से 11 बोतल विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर हुआ गिरफ्तार

**झारखण्ड की ओर से आनेवाली सभी वाहनों की सघन जांच की जाती**

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई राकेश कुमार एवं एएसआई अंकित कुमार ने झारखण्ड से बिहार जाने वाली दो बसों से 11 बोतल विदेशी शराब को जब्त किया है। वहीं एक बस में तस्कर की शिनाख्त नहीं हो सकी,जबकि दूसरे बस से जब्त शराब में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आनेवाली सभी वाहनों की सघन जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड की ओर से आ रही श्रीगोविन्द ट्रेवल्स नामक यात्री बस संख्या बीआर02ए4786 की जांच उत्पाद एएसआई राकेश कुमार के द्वारा किया जा रहा था।जांच के क्रम में बस के पिछले सीट पर रखे एक लाल रंग के बैग से ब्लंडर्स प्राइड के 750 एमएल के 7 बोतल बरामद किया गया। काफी जांच पड़ताल के बाद भी तस्कर का कोई अतापता नहीं चल सका। उन्होंने कहा कि जब्त शराब को लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं बादल नामक बस संख्या बीआर01पीए2976 की जांच उत्पाद एएसआई अंकित कुमार के द्वारा किया जा रहा था।जांच के क्रम में एक युवक के बैग से मैजिक मोमेंट्स के 375 एमएल के 4 बोतल शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान पश्चिमी चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के पडरौन गांव निवासी विश्वमोहन कुमार के पुत्र चन्दन कुमार के रूप में हुई है। जब्त शराब एवं गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच के मौके पर उत्पाद सिपाही,सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान शामिल थे।



### पुलिस ने सिरदला गांव में छापेमारी का 30 लीटर महुआ शराब किया बरामद प्राथमिकी



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

सिरदला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सिरदला गांव में छापेमारी कर घर के बगल में रखा 30 लीटर में हुआ शराब बरामद किया है। प्रभारी थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज घर छोड़कर फरार हो गया। जिसे पहचान कर सिरदला गांव निवासी ब्रह्मदेव चौधरी के पुत्र दिनेश चौधरी के विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 284 / 24 शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### महुआ शराब एवं बाइक जब्त, धंधेबाज फरार

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां ।** धमौल पुलिस ने नवादा- जमुई स्टेट हाईवे पर थाना क्षेत्र अंतर्गत जम्हड़िया गांव के पुल के पास से एक गैलन में रहे 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। साथ ही एक बाइक को भी जब्त किया गया।इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे गश्ती के दौरान पुलिस को एक बाइक पर लदे गैलन पर नजर पड़ी। इस बीच पुलिस ने उसका पीछा किया। पुलिस को देख बाइक सवार बाइक एवं गैलन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने गैलन में महुआ शराब देखा। इस बीच शराब से भरे गैलन एवं बाइक को जब्त कर थाना लाई। उन्होंने बताया कि धंधेबाज को चिन्हित किया जा रहा है। अनुसंधान में बाइक चोरी के होने का पता चल रहा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बेतिया नगर निगम में घर घर गैस पाईप लाईन का विस्तार हुआ प्रारंभ



लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

बेतिया शुक्रवार दिन जयप्रकाश नगर वार्ड नंबर 31 में नेचुरल गैस पाइपलाइन का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि अनिल वर्मा ने पूजा अर्चना के साथ वरिष्ठ पत्रकार सह वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के सचिव निरंकार भास्कर के अवास पर घरेलू गैस पाइपलाइन सप्लाई का कार्य प्रारंभ हुआ जहां इस संबंध में भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के एरिया सुपरवाइजर बुलेट कुमार ने बताया कि यह नेचुरल गैस वर्तमान में चल रहे रसोई गैस से बहुत सस्ती है तथा इससे आग लगने कि कोई भी समस्या ना के बराबर रहती है तथा गैस बराबर उपलब्ध रहता है कोई किसी प्रकार की समस्या नहीं है इस नेचुरल गैस के सप्लाई हो जाने से कनेक्शन लेने वाले लाभार्थी को गैस खत्म होने से बिलकुल निजात मिलेगा जब चाहे खाना बनाने में उपयोग कर सकते हैं इसका कार्य नगर निगम के प्रत्येक घर में लगाने का काम अब सुरू हो गया है जल्द ही सभी के घर में लग जायेगा।मौके पर पन्नालाल कुमार, नितेश कुमार बिहार कुमार लालबाबू कुमार श्याम बिहारी सुमन कुमार दीपू कुमार आदि भारतीय पेट्रोलियम कारपोरेशन के कर्मचारी मौजूद रहे।

## छात्रों के बीच एफएलएन किट का वितरण



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां के महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय बुधौली में प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार के दिशा निर्देश में नवम एवं दशम के छात्र-छात्राओं के बीच फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी किट का वितरण किया गया। उक्त किट सभी वर्ग शिक्षकों के द्वारा वितरित किया गया। किट वितरण के दौरान प्लस टू शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा सरकारी विद्यालय में शिक्षण कार्य के अलावे हर तरह का सुविधा विद्यार्थियों को मुफ्त में उपलब्ध कराना सरकार का सराहनीय कदम है। एफएलएन किट में डिक्शनरी, अर्थशास्त्र पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पोकन, एटलस बुक, कंपास बॉक्स, एक पैकेट कलम एवं ग्राफ कॉपी दिया गया। उन्होंने बताया कि पहले दिन नवम एवं दशम के छात्र- छात्राओं के बीच किट वितरण किया गया है। 11वीं एवं12वीं के छात्र-छात्राओं के बीच दूसरे दिन वितरण किया जाएगा। मौके पर शिक्षक अरविंद कुमार, धर्मेंद्र पासवान, विद्यानंद चौरसिया, प्रिंसेस प्रियंका, गंगाधर मिश्र, मदन मोहन प्रसाद, प्लस टू म्यूजिक शिक्षिका आरोही, अजीत कुमार, मनोरंजन कुमार, धीरज कुमार, संतोष कुमार, विजय दास, विद्यालय लिपिक गीता देवी आदि मौजूद थे।

# गायघाट: केवाईसी के नाम पर दो महीने का राशन किया गबन

लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**

**गायघाट ।** प्रखंड क्षेत्र के महमदपुर शुरा पंचायत स्थित सेनिया में डीलर द्वारा दो माह के राशन गबन करने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीण विनय राय,रौशन राय, किशोरी राय,डोमन राय व झरी राय आदि ने बताया कि डीलर अरुण राय ने राशनकार्ड का केवाईसी कराने का झांस देकर कार्डधारियों से पॉश मशीन पर जून माह का अंगूठा लगवा लिया। इसबीच जब ग्रामीण राशन की मांग करते तो जवाब मिलता कि उपर से ही राशन नहीं आ रहा है,केवाईसी हो जायेगा तब राशन वितरण होगा।लोग इस बात को समझ पाते तब तक डीलर ने चालाकी से जुलाई माह का भी अंगूठा लगवा लिया।जब लोगों को पता चला कि पंचायत के ही दूसरे डीलर राशन का वितरण कर रहे हैं तो ग्रामीणों ने इसकी जानकारी लेना शुरू किया तब पता चला कि डीलर के उपर चार सौ क्विंटल खाद्यान्न का ओभर ड्यू चल रहा है। जिसके कारण उसे राशन का आवंटन नहीं मिला किंतु दो माह का अंगूठा लगवा कर वह करीब डेढ़ सौ क्विंटल खाद्यान्न मेकअप कर दिया। मामले की जानकारी के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में जिला में शिकायत की गई थी। लेकिन न कोई जांच हुआ न कोई कार्रवाई। बताया जा रहा है कि डीलर दबंग प्रवृत्ति का है व वर्ष 2017 में गायघाट के तात्कालीन एमओ नारायण दास को घूस लेते रंगे हाथों विजिलेंस से पकड़वा दिया था।इस घटना के बाद से कोई पदाधिकारी भी उसके मामले में पड़ने से कतराते हैं।इस संबंध में जब एसडीएम पूर्वी अमित कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि संबंधित डीलर के खिलाफ जल्द ही जांच होगी व कार्रवाई भी होगा।



# जमालपुर विधानसभा क्षेत्र विकास की दौड़ से पीछे छूटा : शैलेश

- बिजली की समस्या लोगों की नींद चुरा ली,लेकिन विधायक को मतलब नहीं
- जमालपुर शहर के मुख्य सड़क चार वर्षों से बदहाल, चंद महीने ही बचे है कार्यकाल

लोकतंत्र की आवाज



**मुंगेर।** जमालपुर विधानसभा क्षेत्र जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण काफी पीछे चल गया है। जमालपुर की जनता का दुर्भाग्य कहें कि यहां के विधायक जमालपुर की समस्याओं को विधानसभा में नहीं उठा पाते है। यह बातें जमालपुर के पूर्व विधायक सह पूर्व ग्रामीण कार्य मंत्री शैलेश कुमार ने कही। उन्होंने ने कहा कि जमालपुर शहर का मुख्य सड़क सदर बाजार से गेट नंबर 6 की सड़कें पिछले 4 वर्षों से जर्जर है। उसके लिए अब तक पहल नहीं किया गया है। जबकि वर्तमान विधायक का कार्यकाल चंद महीने ही बचे है। जमालपुर शहर पेयजलापूर्ति का हाल भी वही स्थिति में है। जमालपुर वासियों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। जमालपुर वासियों को शुद्ध पेयजल नसीब हो सके इसके लिए भी विधायक ने कोई पहल नहीं की है। उन्होंने ने कहा कि जमालपुर विधानसभा क्षेत्र में भी शुद्ध पेयजलापूर्ति की स्थिति और बदतर है। श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं को नहीं उठा पाने के कारण जमालपुर विधानसभा विकास की दौड़ से बाहर हो चुकी है। जमालपुर में बिजली की समस्या ने लोगों की नींद चुरा ली। लोग आंदोलन कर रहे है, आवाज बुलंद कर रहे है, लेकिन विधायक को बिजली समस्याओं को दूर करने की जरूरत नहीं समझ रहे है। जमालपुर की जनता अब स्वयं ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

# राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने वकील सहनी तो पशुराम सहनी बनाए गए सचिव

लोकतंत्र की आवाज



**दीपक कुमार**

**मुजफ्फरपुर।** वकील सहनी राष्ट्रीय जनता दल के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव और पशुराम सहनी को प्रदेश सचिव बनाए गए हैं। राजद कार्यालय में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सहनी के द्वारा वकील सहनी और पशुराम सहनी को राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण कराते हुए उन्हें अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी दी है।मिली जानकारी के अनुसार बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सहनी ने गायघाट के पूर्व जिला पार्षद वकील सहनी को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव एवं गायघाट प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष परशुराम सहनी को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव मनोनीत किया। इस मौके पर बिहार प्रदेश राजद अध्यक्ष आदरणीय जगदानंद सिंह ने नव मनोनीत दोनों प्रदेश पदाधिकारीयों को पार्टी संगठन को मजबूत करने हेतु दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रमोद राम,जज सहनी आदि लोग शामिल थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने 25 वाँ कारगिल विजय दिवस मनाया

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन के नेतृत्व में शुक्रवार की शाम दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता, भाजपा कार्यालय से पद यात्रा करते हुए हाथ में तिरंगा, शहीद जवान अमर रहे, भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दा बाद के नारों साथ चौराहा पहुंचकर कैडिंल मार्च कर 26 जुलाई 1999 में कारगिल युद्ध में दुश्मनों से मुकाबला करते हुए शहीद हुए जवानों के प्रति दो मिनट का मौन रख श्रृद्धांजलि अर्पित की। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल की जंग 60 दिनों तक चली थी। पाकिस्तानी सेना चुपके से कारगिल की पहाड़ियों पर चढ़ आई थी.पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में कारगिल की 15 हजार फीट ऊंची चोटियों पर कब्जा कर लिया था.लेकिन भारतीय जवानों ने अदम्य साहस दिखाते हुए पाकिस्तानी सैनिकों के कब्जे से कारगिल को मुक्त कराया। इस युद्ध में भारत ने अपने 527 जवानों को खोया जबकि 1363 जवान घायल हुए थे। साथ ही कहा कि देश का सेवा दिये रियाटर्ड मेजर रामरतन यादव, बजरंगी राम, सूर्यदेव प्रसाद वर्मा, नरेश प्रसाद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 वाँ कारगिल विजय दिवस पर लद्दाख के द्रास जाएंगे। कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचकर शहीद हुए सैनिकों को श्रृद्धांजलि अर्पित करेगे। इसके बाद शिंकुन ला सुरंग परियोजना का उद्घाटन करेगे। कार्यक्रम के मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजन कुमार बब्लू, संजय कुमार बंटी, मंडल महामंत्री संतोष कुमार वर्मा, राहुल कुमार पांडेय, प्रोफेसर सुरेंद्र चौधरी, देवेन्द्र प्रसाद दीवान, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी, मंडल उपाध्यक्ष धनंजय कुमार, वीरेन्द्र प्रसाद, मनीष कुमार, मनोज बरहपूरिया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमन कुमार, गोपाल बाबा, नवीन कंधवे, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, भोला राजवंशी, आकाश कुमार, रामभजन प्रसाद, विनोद आर्या, विकास कुमार प्रभाकर दर्जनों भाजपा परिवारजन उपस्थित थे।



# महावीर बजरंग सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से डिटर्जेंट पाउडर किया वितरण

लोकतंत्र की आवाज

**आर्यन मोहन**

**नालंदा।** जिले में गुरुवार को सुखानंदपुर, बहुआरा, बेलदरिया गांव में महावीर बजरंग सोशल वेलफेयर फाउंडेशन संस्था की फाउंडर नीलम कुमारी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अपनी, संस्था की ओर से डिटर्जेंट पाउडर वितरण किया।इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम परियोजना जन समूह को अवगत कराया गया कि इस योजना के अंतर्गत हर छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब, महिला-पुरुष संस्था के सामाजिक कार्यों में सहयोग करते हुए प्रतिभाग कर सकता है। और सामाजिक कार्यों के साथ असीमित आय का एक सुनहरा अवसर संस्था के माध्यम से प्राप्त कर सकता है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को समूह लोन, वैवाहिक सहायता के अलावा बच्चों/विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, बुजुर्गों के लिए पेंशन सहित कुल 17 योजनायें समावेशित की गयी हैं, जिनमें हर आयु वर्ग के व्यक्तियों को लाभान्वित करते हुए एक बेहतर भविष्य देने की योजना संस्था द्वारा तैयार की गयी है। इस विशेष मौके पर संस्था के उद्देश्यों और योजनाओं को समझते हुए कई प्रतिभागियों द्वारा संस्था को आर्थिक सहयोग देते हुए संस्था की सदस्यता ग्रहण की गयी।



## संक्षिप्त खबरें ।

### जदयू व भाजपा नेता ने शहीद असिस्टेंट कमांडेंट को दी श्रद्धांजलि




लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। गुजरात के भुज में भारत पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के असिस्टेंट कमांडेट जिला के कहरा के लाल शहीद विश्वदेव झा ड्यूटी के दौरान बीते 19 जुलाई को वीरगति को प्राप्त कर गए। गुरुवार को कहरा स्थित उनके पैतृक आवास पर जाकर जदयू के जिलाध्यक्ष चंद्रदेव मु– खया, भाजपा जिला मंत्री राजीव रंजन साह, युवा जदयू के प्रदेश महासचिव गणेश गौरव, जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाअध्यक्ष देवेंद्र कुमार देव, प्रदेश नेता मानवेंद्र खोखा, चंदन झा, प्रवीण झा, माहेश्वरी राम आदि ने शहीद जवान के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन की एवं शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। जदयू जिलाध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया व भाजपा जिला मंत्री राजीव रंजन साह ने कहा कि मृत्यु सत्य है और शरीर नश्वर है। यह जानते हुए भी अपनों के जाने का दुःख होता है। एक व्यक्ति जो इस धरती से विदा लेता है। वह वास्तव में कभी अपनों का साथ नहीं छोड़ता है, क्योंकि वे हमारे दिल में जीवित रहते हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए एवं परिजनों से मिलक र उन्हें सांत्वना दिए।

### सहरसा में एटीएम कार्ड बदलकर कर ली 19 हजार की अवैध निकासी दी गई शिकायत

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। सदर थाना क्षेत्र के कायस्थ टोला, वार्ड नंबर 30 निवासी रुपेश शर्मा ने पत्नी के एटीएम कार्ड से धोखाधड़ी कर 19 हजार 534 रुपए की अवैध निकासी कर लेने का शिकायत साइबर थाना में दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि वे पत्नी रवीना कुमारी की एटीएम कार्ड लेकर हटिया गाछी स्थित एटीएम सेंटर पहुंचे थे। जहां उनसे पूर्व दो–तीन लड़के खड़े थे। जिसने उन्हें तेजी से पैसा निकाल देने की बात कर उनका एटीएम उनसे ले लिया। फिर 15 हजार रुपए की निकासी कर उन्हें दे भी दिया। जिसके बाद वे सरदार हरविंदर सिंह के नाम का दूसरा एटीएम कार्ड थमा कर भाग गया। थोड़ी देर बाद पत्नी के अकाउंट से 19 ,534 रुपए की अवैध निकासी हो गई ह। उनके द्वारा दी गई शिकायत की जांच की जा रही थी।

### 20 हजार रुपए की झाड़ू की हुई चोरी गोदाम का टाट हटाकर हुई चोरी

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। सदर थाना क्षेत्र के कचहरी चौक, वार्ड नंबर – 6 निवासी बिंदेश्वरी तांती के पुत्र शिवम कुमार तांती ने सदर हॉस्पिटल कॉलोनी, नया पानी टंकी के निकट स्थित गोदाम की टाट को हटाकर 500 पीस नारियल झाड़ू और 50 पीस फूल झाड़ू की चोरी हो जाने का शिकायत दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों झाड़ू की कीमत लगभग 20 हजार रुपए होगी। सदर थाना में उनकी शिकायत पर जांच की जा रही थी।

### छात्रा का खोया मोबाईल व नगदी लौटा पुलिस ने दी मानवता की मिसाल

लोकतंत्र की आवाज

सलखुआ सहरसा संवाददाता। जिले के सलखुआ थाना में कार्यरत थाना लेखक मुंशी दीपक कुमार ने प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय की छात्रा शीशा कुमारी का खोया मोबाईल व मोबाईल में रखे नगदी लौटा मानवता की मिसाल पेश की। महंगे मोबाईल होने के बाबजूद मुंसी का ईमान नहीं डगमगाया। उन्होंने सड़क पर गिरे मोबाईल को उठाकर थाना लाया। थाना लेखक दीपक कुमार ने बताया कि सड़क पर रेडमी कम्पनी का एक एंड्राइड मोबाईल गिरा मिला। फोन की रिंग बजने पर फोन उठा छात्रा को सड़क पर मोबाईल मिलने की बात कही और थाना आकर मोबाईल ले जाने को कहा। छात्रा द्वारा थाना आकर मोबाइल की पहचान करने पर जरूरी सत्यापन करने के बाद खोया मोबाईल छात्रा को लौटा थाना लेखक ने ईमानदारी की छवि पेश की।मोबाईल पाकर छात्रा शीशा कुमारी ने खुशी जाहिर करते कही कि विद्यालय पठन पाठन करने आने के दौरान मोबाईल गिर गया था। जिसकी काफी खोजबीन की पर मोबाईल नहीं मिला। खोया मोबाईल मिलने पर उन्होंने मुंसी का आभार व्यक्त करते पुलिस के इस ईमानदारी की सराहना की। वहीं थाना के पुलिस पदा– धिकारी व थानाध्यक्ष ने मुंशी के इस ईमानदारी की सराहाना करते खूब प्रशंसा की।

### घरेलू विवाद को लेकर सगे भाइयों में मारपीट

ग्वालपाड़ा। अरार थाना क्षेत्र के महाराजगंज वार्ड 14 से घरेलू विवाद को लेकर सगे भाइयों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में ग्रामीण अरुण राम के आवेदन पर सगे भाई रितेश राम और सिंटू राम के अलावा परिवार की दो महिलाओं को भी नामजद किया गया है। घटना एक सप्ताह पूर्व की बताई जाती है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना की शाम उसकी मां और पत्नी में घरेलू बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। वह दोनों को शांत करा रहा था। मारपीट में सिर और चेहरे पर चोट लगने से वह बुरी तरह जख्मी हो गया। पत्नी दौड़ कर आई तो उसके भाई ने पत्नी के पेट पर लात मारकर गिरा दिया।

# डा.दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा का संगठन मजबूत होगा और आगामी विस चुनाव में एनडीए बिहार में सरकार बनाएगी: परवेज आलम

● भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर डा. दिलीप जायसवाल को बीजेपी नेता जनाब परवेज आलम ने दिया दिली मुबारकबाद

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया।** राजस्व और भूमि सुधार विभाग मंत्री डा.दिलीप जायसवाल को बिहार प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष बनाए जाने पर वरीय समाजसेवी सह अररिया के कट्टर युवा बीजेपी नेता जनाब परवेज आलम ने बधाई,शुभकामनाएं देते हुए उन्हें दिली मुबारकबाद प्रेषित किया है।

जनाब परवेज भाई ने कहा कि वे पिछले दो दशक से किशनगंज के माता गुजरी मेडिकल कॉलेज के निदेशक हैं. इतना ही नहीं डा. दिलीप जायसवाल बीजेपी के संगठन में काफी लंबे समय से जुड़े हैं. वह करीब 20 साल तक कोषाध्यक्ष पद पर रहे, साथ ही वर्तमान में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं.

वर्तमान में वे सूबे के राजस्व और भूमि सुधार विभाग मंत्री हैं।विधान परिषद सदस्य डा.दिलीप कुमार जायसवाल बीजेपी के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं. इनकी गिनती सीमांचल के बड़े नेता के भी रूप में होती है. वैश्य समाज से ताल्लुक रखने वाले दिलीप जायसवाल पिछले करीब 20 सालों तक प्रदेश बीजेपी के कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

अल्पसंख्यक गढ़ सीमांचल में अपनी लोकप्रियता के बदौलत वे पूर्णिया–अररिया–किशनगंज (क्षेत्र संख्या 23) से लगातार तीन बार भारी बहुमत से जीतकर विधान परिषद पहुंच चुके हैं. डा दिलीप जायसवाल बीजेपी सिक्किम के राज्य प्रभारी के साथ–साथ किशनगंज स्थित माता गुजरी विश्वविद्यालय से संबद्ध माता गुजरी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के प्रबंध निदेशक भी हैं. अपने राजनीतिक जीवन में दिलीप जायसवाल सन 2005 से लेकर के 2008 तक बिहार राज्य भंडार निगम के अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं.

उनके अध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता भाई परवेज आलम ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि दिलीप जायसवाल जी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना कोशी – सीमांचल के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का क्षण है उनके नेतृत्व में कोशी – सीमांचल के साथ समूचे प्रदेश में भाजपा का संगठन मजबूत होगा, और आने वाले विधानसभा में एन डी ए मजबूती से बिहार में सरकार बनाएगी।

## अग्रवाल महिला मंच 28 जुलाई को फारबिसगंज में आयोजित करेगा सावन महोत्सव,तैयारियां जोरों पर



लोकतंत्र की आवाज

**फारबिसगंज ।** अग्रवाल महिला मंच के द्वारा श्री मारवाड़ी अतिथि सदन में आगामी 28 जुलाई को सावन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है।

सावन मेला के सफलता के लिए अग्रवाल महिला मंच की अध्यक्ष श्रीमती सुमन जिंदल की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति में कई तरीके के चीजों पर विचार विमर्श किया गया। सावन मेला श्री मारवाड़ी अतिथि सदन में लगाया जा रहा है जिसमें भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता से जुड़ी कई चीजों का प्रदर्शनी भी किया जाएगा एवं स्थानीय स्तर पर कार्य कर रही महिलाओं के द्वारा तरह–तरह के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

इसके साथ ही मनोरंजन के लिए गेम का स्टॉल एवं खाने–पीने के लिए भी स्टॉल लगाए जा रहे हैं। सावन मेला के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्रीमती सुमन जिंदल ने बताया कि सावन मेला के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना है एवं स्थानीय स्तर पर कई तरीके की चीजें कर रही महिलाओं को भी प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा की समाज में जो कुरीतियां फैल रही है उसको लेकर भी कई ऐसे नाटक वअन्य चीज का आयोजन किया जा रहा है जिससे एक सकारात्मक संदेश पूरे समाज को देने का काम किया जाएगा।

कार्यक्रम की सफलता के लिए अग्रवाल महिला मंच की सरोज अग्रवाल, संगीता अग्रवाल,सुनीता गोयल, सुलोचना धनावत, दीपा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, सुनीता राजगढ़िया, संगीता कंदोई व अन्य की अहम भूमिका है। मौके पर सरोज अग्रवाल ने बताया कि समाज के तमाम लोगों का इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग मिल रहा है जिससे महिलाओं को भी समाज के लिए कुछ अच्छा करने का हौसला मिलता है और आने वाली पीढ़ी भी इन चीजों को आगे बढ़ाने में अपनी रुचि दिखायेगी।

## चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले अपने मांग को लेकर एनएचएम नें सौपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** राज्य कमेटी के निर्णयानुसार गुरुवार को बिहार चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले अपने मांग को लेकर स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम कर्मचारी सीएचओ, संविदा पर एएनएम पिछले दिनों से कार्य बहिष्कार कर रहे हैं

इसी क्रम में जिला स्वास्थ्य समिति के कार्यालय के समक्ष विभिन्न प्रखंड से आऐ सीए?चओ ने जमकर नारेबाजी कर अपने मांग पत्र को सिविल सर्जन सह सचिव जिला स्वास्थ्य समितिको बिहार चिकित्सा जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ के माध्यम से समर्पित किया जिसके अंतर्गत मांग समान काम का समान वेतन दिया जाय जाय विभाग में पदों के सृजित कर सेवा स्थायी करने, माह अप्रैल 2024 से लंबित वेतन का अविलंब भुगतान कर म. एफआरएएस विधि से डिजिटल अटेंडेंस बनाने की अव्यवहारिक एवं अविवेकपूर्ण आदेश को निरस्त करने, कार्य स्थल पर सुरक्षा की गारंटी सुनि श्चित करने, एनएचएम को अन्य कर्मचारियों के भांति वेतनवृद्धि सहित अन्य सुविधाएं प्रदान करने की मांग शामिल है ।

वही मांग पत्र समर्पित करने में सीएचओ संयोजक दिनेश कुमार सौरबाजार, चिकित्सा संघ के जिला मंत्री धर्मेंद्र कुमार, अध्यक्ष नंद कुमार रख बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शरद कुमार, सावन कर्ण, अभिषेक कुमार कुमार प्रियांशु सिंह, सुरेश यादव, आदित्य कुमार सिंह दिनेश कुमार, नरेंद्र गुर्जर, गौरव चौधरी महिला कुमारी इत्यादि की मौजूद रहें।

## सीमांचल से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पहले नेता डा. दिलीप जायसवाल पूर्व मंत्री विजय मंडल ने दिया बधाई

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया।** अति पिछड़ा समाज मंडल बिरादरी से आने वाले कद्दावर भाजपा नेता पूर्व मंत्री सह सिकटी के लोकप्रिय विधायक विजय कुमार मंडल ने केंद्रीय नेतृत्व द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधान पार्षद बिहार सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर डॉ दिलीप जायसवाल को बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने पर अपने नए प्रदेश अध्यक्ष डा जायसवाल को बधाई दिया है।

उन्होंने कहा कि सीमांचल से प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पहले ये पहले नेता हैं इनके अध्यक्ष बनने से पार्टी संगठन और सशक्त व सुदृढ होगा। श्री मंडल ने कहा कि भाजपा परिवार में लोकप्रिय डा जायसवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और हर्ष व्याप्त है।

इधर बधाई प्रेषित करने वालों कुर्साकांटा के युवा भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अजीत कुमार झा, भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार, जिला महामंत्री प्रताप नारायण मंडल,पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील मिश्र,रघुनंदन साह, राहिल खान, मो नसीमुद्दीन महिला मोर्चा नेत्री शिवानी सिंह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार विपुल सिंह आदि ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए बधाई दिया है।

## प्रदेश कमाने गए मजदूर की मौत शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

लोकतंत्र की आवाज



**बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता।** गुजरात के कोरबा शहर में कमाने गए रसलपुर के मजदूर की अचानक मौत के बाद गुरुवार को शव गांव पहुंचते ही रसलपुर में मचा कोहराम। मृतक अपने दुधमुंहा बच्चे के मुंह तक नहीं देख पाया। सात महिने पहले रसलपुर शर्मा टोला निवासी देवेंद्र शर्मा का 22 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार परिवार के भरन पोषण करने के लिए गुजरात के कोरबा शहर कमाने गए थे।

जहां अपने साले सिमरी निवासी बिनोद शर्मा के साथ मेट्रो पथ निर्माण में सरिया का काम करता था। रविवार की रात्रि खाना खा पीकर सो गए सुबह देखा तो बेचैनी थी। अस्पताल में ईलाज कराने के दौरान अंतिम सांस लिया। जो गुरुवार को शव गांव पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे 19 वर्षीय पत्न ी नीतू देवी और पन्द्रह दिन की दुधमुंहा पुत्री को छोड़ गए।

कमाउ पुत्र के मौत पर माता पिता के मुंह से आवाज तक नहीं निकल रहा था। वहीं पत्नी अपने किस्मत को दोषी मान पति से बिछड़ने के गम में रो–रोकर बेशुद्ध हो गई थी। इन परिवारों को देख स्वजनों सहित परिजनों की आंखें भी नम हो गई थी। सबों के लवों पर सिर्फ एक ही रट लगी थी कि दुधमुंहा बच्ची का परवरिश कौन करेगा। यही चिंता अब परिवार को सता रही है।

## धावा दल के द्वारा अररिया जिला के विभिन्न जगहों से चार बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

लोक तंत्र की आवाज

**अररिया।** बाल श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत आज जिलास्तरीय धावादल का संचालन किया गया। धावा दल के संचालक के रूप में नोडल पदाधिकारी श्री अमित कुमार, श्रम अधीक्षक, अररिया के द्वारा धावा दल की टीम गठित किया गया। जिसमें श्री अमर ज्योति, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, अररिया सदर, श्री अमित कुमार कश्यप, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, जोकिहाट, श्री राजेश कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, रानीगंज, श्रीमती ममता कुमारी, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, नरपतगंज, श्री सौरभ प्रभाकर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कुर्साकांटा एवं श्री अमर कुमार राय, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, फारबिसगंज सहित पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल शामिल थे।

धावा दल के द्वारा अररिया जिला के विभिन्न प्रतिष्ठानों/होटलों से कुल–04 (चार) बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। कमशः 01. प्रतिष्ठान रॉयल इंजिनिरिंग वर्कस, जीरो माइल प्रो०– मो० अफजल हुसैन, पिता मो० इकबाल हुसैन, ग्रा०– मिल्लत नगर, वार्ड नं० 02, थाना– अररिया, पो०– अररिया, जिला अररिया, 02. प्रतिष्ठान न्यू भारत इंजिनिरिंग वर्कस, जीरो माइल प्रो०– मो० आशिफ रजा, पिता मो० अब्दुल कुदुस. ग्राम– गैयारी, थाना– अररिया, जिला अररिया, 03. प्रतिष्ठान मोडर्न टेडर्स, जीरो माइल प्रो०– निगार अख्तर, पिता– मो० असफाक आलम, ग्राम अझुआ जोकिहाट, जिला– अररिया, 04. प्रतिष्ठान– स्टार सिटी होटल, जीरो माइल प्रो०–श्रवण कुमार शर्मा, पिता रामसागर शर्मा, ग्रा०– भुतहा चौक भिड़भिड़ी, थाना सिकटी, जिला– अररिया, के विरूद्ध बाल श्रमिक प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करने कारवाई की जा रही है।

इस संबंध में श्रम अधीक्षक, अररिया द्वारा बताया गया कि नियोजकों पर एम०सी० मेहता बनाम, स्टेट ऑफ तामिलनाडु के अन्तर्गत 20,000 रु० की नोटिस निर्गत किया जायेगा। जिसकी राशि बाल श्रमिक पुनर्वास – सह– कल्याण कोष, अररिया में जमा करायी जाएगी।

विमुक्त हुए बाल श्रमिकों को निम्न लाभ प्रदान किया जाएगा

1. प्राथमिक पुनर्वास राशि रु 3,000/–, 2. मुख्यमंत्री राहत कोष से राशि रु 25,000 की एफ०डी० 18 वर्ष की उम्र होने तक बैंक में रहेगी।, 3. प्राथमिक पुनर्वास – सह– कल्याण कोष राशि रु 5,000/–

## बनमा ईटहरी में शिक्षक ने अपने जन्मदिन पर किया पौधरोपण

लोकतंत्र की आवाज



**बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता।** बनमा ईटहरी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर के एक बीपीएससी शिक्षक सूरज कुमार सौरभ ने गुरूवार को अपना जन्मी– दन अनोखा रूप से मनाया। जिसकी चर्चा पूरे प्रखंड में हो रही है। शिक्षक श्री सौरभ ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्कूल में क्वीज प्रतियोगिता बच्चों के बीच कराया। इसके बाद स्कूल के सभी बच्चों के बीच एक–एक विभिन्न प्रकार के पौधा का वितरण किया।

वहीं क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का भी वितरण किया। शिक्षक ने बताया कि 101 पौधा से भी ज्यादा वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह बढ़ता है। और खास बात यह रही कि बच्चों के बीच एक एक पौधा का वितरण किए जाने जाने से हरियाली का भी संदेश दिया गया।

वहीं उन्होंने सभी बच्चों से अपने अपने घरों के आसपास पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने की अपील की। इस अवसर पर स्कूल में शिक्षक अवधेश कुमार, अमरेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, चंदन भारती, प्रतिमा किरण, मो अरशद, रूपा कुमारी, प्रशांत कुमार, कौशल, राजेश, सुभाष, मनसा कुमारी, रूबी, सरिता, रश्मि किरण, सुशीला, आशुतोष तथा इद्रजीत कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** जिला कांग्रेस द्वारा विगत दिनों पटना मे प्रदर्शन कर रहे बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के निःहत्थे युवा नेताओं एवं पार्टी पदाधिक ारियों पर हुए बर्बरता पूर्ण लाठी चार्य के विरोध में गुरुवार को शंकर चौक पर रोषपूर्ण प्रदर्शन जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार झा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

जिला अध्यक्ष श्री झा ने कहा कि निती– श जी कि डबल इंजन की सरकार गुस्सैल एवं हिंसक हो गयी है। जिसके कारण सरकारी कर्मी या राजनीतिक दल के प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग कर रही है। वही कल पटना में निहत्थे युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकत्ताओं को बेरोजगारी, महगाई, नीट प्रीक्षा में धांधली समेत राज्य को विशेष दर्जा, पैकेज की मांग पर लाठी चार्ज कर पीटा गया।

जिसमे पुलिस ने दर्जनो लोगों को लाठी मारकर सर फोड़ दिया। जिससे बहुत सारे कार्यकर्ता घायल हो गए। उन्होंने कहा कि संविधान ने लोक तांत्रिक व्यवस्था के सभी दलों एवं आमजनता को शांतिपूर्ण अहिंसक धरना–प्रदर्शन आंदोलन करने का अधिकार दिया गया है। उस प्रजातांत्रिक अधिकारों का सत्ता पक्ष हनन करते हुए मनमानी कर रही है।

जिलाध्यक्ष ने इस लाठीचार्ज की घटना को लेकर न्यायिक जांच की मांग करते हुए जख्मी प्रदर्शन कारियों को समुचित इलाज की सुविधा प्रदान की जाय। कांग्रेस के वरीय नेता केशर कुमार सिंह ने कहा कि नीतीश की सरकार निक्म्मी को गई है और मोदीजी के पास अपनी जमीर और राज्य की प्रतिष्ठा गिरवी ख दिया है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि लोक सभा चुनाव में नितीश जी विशेष राज्य का दर्जा और राज्य को विशेष आर्थिक पैकेज का नाम लेकर जनता से वोट मांगा था लेकिन मोदीजी ने इसपर इनको घास तक नहीं डाला।

आज के प्रदर्शन में प्रदेश प्रतिनिधि राम सागर पाण्डेय, वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर, तारनी ऋषिदेव, मनोज कुमार मिश्र, चमकलाल यादव, सुरेंद्र चौधरी, विकास कुमार गुप्ता, साजन शर्मा, बीरेंद्र पासवान, इंटक अध्यक्ष सत्यनारायण चौपाल, महिला जिला अध्यक्ष रेखा झा, उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, आशा देवी, रूबी देवी, संजय कुमार सिंह, दिवकांत गिरी, मो साकिर हुसैन, बाबुल सिंह, मृतुन्जय सिंह, प्रणव कुमार सुमन, सनोज पासवान, बेचन पासवान, बैधनाथ झा, मंगल झा, मो गयासुद्दीन खान, देवेंद्र चौधरी, देवेंद्र शर्मा, अफरोज आलम खान, मनोज सादा, परमिट कुमार, सुभम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

